वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 11 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 07 माह 03 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी सदर, आजमगढ़
**प्रेमशीला बनाम रामप्यारे**
बनाम– रामप्यारे पुत्र बरखू साकिन नामदारपुर तहसील सदर जनपद आजमगढ़। —प्रतिवादी

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 13 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 06 माह 03 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। —आज्ञा से हाकिम

**संस्थापक :**
स्मृतिशेष श्री ठाकुर प्रसाद यादव

सम्पादक :
**श्री विजय कुमार यादव**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्री विजय कुमार यादव के लिए स्वाभिमान प्रकाशन, शहीद द्वार (सिविल लाईन) आजमगढ़ से मुद्रित कराकर 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक कार्यालय, 31 शहीद द्वार आजमगढ़–276001 से प्रकाशित।
पो.रजि.नं. : आ./एन.पी.–92
टेली फैक्स : 05462–297576
मोबाइल : 9415370246
**RNI NO. 56765/92**

संक्षिप्त समाचार

## राम रहीम पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में हुआ बरी

चंडीगढ़, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम को बरी कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने 3 आरोपियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा को बरकरार रखा है। इससे पहले 17 जनवरी 2019 को पंचकूला की स्पेशल उइककोर्ट ने राम रहीम समेत बाकी सभी आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि इस हत्याकांड में राम रहीम के साजिशकर्ता होने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। जिस वजह से राम रहीम को बरी कर दिया गया। राम रहीम इससे पहले डेरा मैनेजर रणजीत हत्याकांड में पहले ही हाईकोर्ट से बरी हो चुका है। हालांकि सीबीआई ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राम रहीम को साध्वियों के यौन शोषण केस में 10 साल कैद की सजा हुई है। इस वजह से राम रहीम को अभी जेल में ही रहना होगा।

## जींद की फैक्ट्री में आग, 5 महिलाओं की मौत

जींद, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। हरियाणा के जींद में शनिवार को होली के गुलाल और रंग बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 17 मजदूर झुलस गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं। घटना सफीदों की भाट कॉलोनी की है। आरोप है कि फैक्ट्री के मेन गेट पर बाहर से ताला लगा हुआ था। जब फैक्ट्री में आग लगी तो मजदूर बाहर नहीं निकल पाए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी यह नहीं पता चल पाया है कि आग कैसे लगी। सूचना पर उ्ळ मोहम्मद इमरान रजा और रढ कुलदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

## बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से होगा शुरु

नई दिल्ली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक ळटउ सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे। आरोप है कि स्पीकर बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और विपक्षी नेताओं को बोलने का मौका नहीं दिया।

## हिमाचल के मैदानी इलाकों में हीट-वेव

शिमला, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में आज हीट वेव महसूस की गई। मंडी के सुंदरनगर, सोलन, धर्मशाला और भुंतर में तेज गर्मी की लहर देखी गई। मौसम विभाग ने अगले कल (रविवार को) भी इन चार जिलों में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। इसे देखते हुए लोगों को दिन के समय धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है। खासकर गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है। प्रदेश के अधिकांश शहरों के तापमान में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम पारा भी सामान्य से 5.3 डिग्री ज्यादा हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार 6 मार्च को शिमला का औसत अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहता है, लेकिन इस बार न्यूनतम तापमान ही 15.4 डिग्री पहुंच गया है। शिमला का अधिकतम तापमान सामान्य की तुलना में 10.1 डिग्री के उछाल के बाद 25.3 डिग्री हो गया है। इसी तरह कल्पा में अधिकतम तापमान सामान्य से 14.3 डिग्री बढ़कर 23.5 डिग्री सेल्सियस हो गया है। केलांग में तापमान 12.2 डिग्री के उछाल के बाद 14.2 डिग्री तक पहुंच गया। भुंतर में पारा 10.9 डिग्री बढ़कर 31.8 डिग्री और कांगड़ा में 10.1 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 32.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मनाली का तापमान भी सामान्य से 10.2 डिग्री अधिक होकर 24.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।

## ईरान के युद्ध में भारत को भी खींचा जा सकता है-शशि थरूर

नई दिल्ली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच हो रहे युद्ध का सीधा प्रभाव पूरी दुनिया पर देखा जा रहा है। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत को इस युद्ध में खींचा तो नहीं जाएगा लेकिन इसका प्रभाव साफ तौर पर नजर आएगा। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक थरूर ने कहा कि भारत का प्रयास यही होना चाहिए कि किसी भी तरह से यह युद्ध जल्द से जल्द रुक जाए। उन्होंने कहा कि भारत को भी युद्ध को रोकने और शांति स्थापित करने में पीछे नहीं रहना चाहिए। थरूर ने कहा कि भारत के लाखों लोग खाड़ी देशों में रहते हैं। इसके अलावा ईरान में ही बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं। वे सभी इस युद्ध से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, लगभग एक करोड़ के आसपास भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं। उनका ना केवल आना जाना प्रभावित हुआ है बल्कि जीविका पर भी संकट आ गया है। बता दें कि अमेरिका ने भारत समेत कई देशों को रूस से तेल खरीदने की 30 दिन की छूट दे दी है। युद्ध की वजह से दुनियाभरमें कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने यह फैसला किया है। उन्होंने कहा कि अगर कंपनियां रूस से तेल खरीदती भी हैं तब भी एक महीने बाद उन्हें फिर से समस्या का सामना करना पड़ सकता है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि जी20 इस तरह से विकसित हो सकता है जिससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रधानता को खतरा पैदा हो सकता है क्योंकि यह आज की समकालीन वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है और किसी चार्टर से बाधित नहीं है। 'रायसीना डायलॉग' के एक सत्र में थरूर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का अस्तित्व बना रहेगा और भले ही यह वह संयुक्त राष्ट्र नहीं हो सकता है जिसकी 1945 में कल्पना की गई थी, लेकिन यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग का केंद्र होगा।

# क्या भारत को अपने हित का अधिकार नहीं हैं-खुर्शीद



नई दिल्ली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने वाली 30 दिन की छूट को लेकर बढ़ते हंगामे के बीच, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा अपनाई गई विदेश नीति और राजनयिक प्रयासों से कोई परिणाम नहीं निकला है, और सवाल उठाया कि क्या भारत को अपने हित में कार्य करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि भारत को यह अनुमति दी जा रही है कि वह क्या कार्रवाई कर सकता है, यह ₹बेहद खतरनाक₹ है।

खुर्शीद ने एएनआई से कहा कि यह बेहद खतरनाक है कि हम समय-समय पर आपको यह अनुमति देते रहेंगे कि आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते। क्या भारत की स्थिति अब ऐसी हो गई है कि वह केवल दूसरों की अनुमति से ही कार्य करेगा? क्या भारत को अब अपने हित में कार्य करने का अधिकार नहीं है? यह एक प्रश्न है। इस पर चर्चा होनी चाहिए। वरिष्ठ नेता ने कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार को अपनी विदेश नीति की जानकारी नहीं है, और राजनयिक प्रयासों का कोई स्पष्ट परिणाम नहीं दिख रहा है।

खुर्शीद ने कहा कि हम सरकार की विदेश नीति पर टिप्पणी नहीं कर सकते, जब सरकार खुद अपनी नीति नहीं जानती। हमें अभी तक सरकार की नीति के बारे में पता नहीं चला है। आप (मीडिया) हमें बताते हैं कि उन्होंने (सरकार ने) रायसीना में या कहीं और फोन पर बात की। अच्छी बात है कि उन्होंने बात की, लेकिन नतीजा क्या निकला? परिणाम दिखाई नहीं दे रहा है, है ना? विदेश नीति का समर्थन या विरोध तभी किया जा सकता है जब उसके परिणाम सामने आएं। लेकिन इसका नतीजा क्या निकला? (राजनयिक प्रयासों का) परिणाम और (उसके पीछे का) तर्क समझ से परे है। हमें सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया ही नहीं जाता, तो हम उस पर क्या टिप्पणी कर सकते हैं? हिंद महासागर में निहत्थे ईरानी युद्धपोत आईरिस देना पर अमेरिकी हमले के बारे में बोलते हुए, जिसमें 87 नाविक मारे गए। खुर्शीद ने कहा कि अगर अमेरिका, जिसे हम दोस्त कहते हैं, पर हमारे घर के ठीक पास हमला करता है और हमें सूचित भी नहीं करता, तो हमारी हैसियत या अस्तित्व क्या रह जाता है? उन्होंने (अमेरिका ने) हमें सूचित किया है, तो यह और भी अधिक चिंता का विषय बन जाता है। कांग्रेस नेता 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के सैन्य हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शोक व्यक्त करने के लिए पार्टी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास का दौरा करने के बाद बोल रहे थे।

**हरदीप की बातों पर विश्वास न करें- पवन खेड़ा** -कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने शनिवार को एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की कड़ी आलोचना की। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतें शनिवार, 7 मार्च से बढ़ा दी गई हैं। देश भर में 14.2 किलोग्राम के घरेलू खाना पकाने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की वृद्धि हुई है, और 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 115 रुपये की वृद्धि हुई है।

पवन खेड़ा ने फेसबुक पर लिखा कि कल, हरदीप सिंह पुरी ने कहा था: 'हमारी प्राथमिकता अपने नागरिकों के लिए किफायती और टिकाऊ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, और हम इसे आसानी से कर रहे हैं।' आज, घरेलू एलपीजी की कीमतों में 60 रुपये और व्यावसायिक सिलेंडरों की कीमतों में 115 रुपये की वृद्धि हुई है। हरदीप सिंह पुरी की किसी भी बात पर विश्वास न करें। खेड़ा की ये टिप्पणी केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के उस बयान के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ऊर्जा उपभोक्ताओं को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार को पर पोस्ट किया कि हमारी प्राथमिकता अपने नागरिकों के लिए किफायती और टिकाऊ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, और हम इसे बखूबी कर रहे हैं। भारत में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है, और हमारे ऊर्जा उपभोक्ताओं को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। इस बीच, सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये से बढ़कर 913 रुपये हो गई है। मुंबई में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की नई दर 852.50 रुपये से बढ़कर 912.50 रुपये हो गई है। कोलकाता में कीमत 879 रुपये से बढ़कर 0.30 रुपये हो गई है, जबकि चेन्नई में यह 868.50 रुपये से बढ़कर 928.50 रुपये हो गई है। संशोधित दरें आज से तुरंत प्रभाव से लागू हो जाएंगी। यह बढ़ोतरी व्यावसायिक उपयोग वाले एलपीजी सिलेंडरों पर भी लागू होती है। दिल्ली में 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत 1768.50 रुपये से बढ़कर 1883 रुपये हो गई है। मुंबई में यह कीमत 1720.50 रुपये से बढ़कर 1835 रुपये हो गई है।

# तेल खरीदने की अनुमति लेनी पड़ रही, छूट भी वही दें, नियम भी वही बनाएं-विक्रमादित्य



शिमला, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने विदेश नीति और कूटनीति पर सवाल खड़े किए। विक्रमादित्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ द ट्रेजरी स्कॉट बसेंट के ट्वीट को पोस्ट करते हुए लिखा- बड़े-बड़े मंचों से विश्वगुरु का दम भरते हैं और अब रूस से तेल खरीदने की अनुमति लेनी पड़ रही है। स्कॉट बसेंट के ट्वीट में भारत की रिफाइनरी को रूस से तेल खरीदने की 30 दिन की अस्थायी छूट का जिक्र है। इस पर हिमाचल के ऊमंत्री नाराज हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'अमेरिका से मिली छूट को वरदान माना जा रहा है और खूब तालियां बज रही हैं। उन्होंने केंद्र पर तंज कसते हुए लिखा- छूट भी वही (अमेरिका) दें, नियम भी वही (अमेरिका) बनाए। विक्रमादित्य ने आगे लिखा- फिर हम मंच से गर्व से बोलें - हम तो बिल्कुल आत्मनिर्भर हैं साहब। ऊर्जा हमारी, जरूरत हमारी, पर टाइमटेबल किसी और का, ये कैसा स्वाभिमान है, जो हर बार मुहर बाहर से ढूंढता है? उन्होंने लिखा- उधर, तेल खरीदने की छूट मिली और इधर हम मुस्कुरा कर चुप हो जाते हैं, क्योंकि ज्यादा बोलेंगे तो, कहीं अगली बार छूट पर स्थायी रोक न लग जाए। विक्रमादित्य सिंह ने चिंता जाहिर करते हुए लिखा कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात, विशेषकर पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, तेल बाजार में अस्थिरता और वैश्विक शक्तियों की खींचतान का असर सीधे-सीधे हमारे देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार, महंगाई व सुरक्षा पर डाल रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने आगे लिखा- इस समय हमारी (इंडिया) विदेश नीति और कूटनीति को केवल बड़े-बड़े मंचों पर भाषणबाजी नहीं, बल्कि इसे कसौटी पर परखे जाने की जरूरत है। वह आगे लिखते हैं कि हमें ईमानदारी से यह विचार करना होगा कि आज जो निर्णय लिए जा रहे हैं, वे सच में देश और प्रदेश के हित में हैं या आने वाले समय में हमें और बड़े संकट की ओर धकेल सकते हैं। विक्रमादित्य सिंह ने 2 दिन पहले भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खाड़ी देशों की लड़ाई में लाशों पर भी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को लेकर तंज कसा। इस पर हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने विक्रमादित्य के सोशल मीडिया पोस्ट को विवादित बताते हुए निंदा की थी। उन्होंने कहा कि दुखद घटनाओं पर राजनीति करना आसान है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा बढ़ाना बेहद कठिन कार्य है।

## शादी के 10 महीने बाद कारोबारी ने किया सुसाइड

झांसी, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। झांसी में पत्नी के मायके से न लौटने से दुखी स्क्रैप कारोबारी ने सुसाइड कर लिया। उसकी 10 महीने पहले ही शादी हुई थी। झगड़ा होने पर पत्नी दो सप्ताह पहले मायके चली गई थी। ससुर लेने गए तो आने से मना कर दिया। पत्नी ने कहा- पति लेने आएंगे, तभी ससुराल आउंगी। शुक्रवार को कारोबारी के पिता घर लौट पाते, उससे पहले ही कारोबारी ने जहर निकल लिया। परिजन आनन फानन में झांसी मेडिकल कॉलेज लाए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला।

## भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में चीन के प्रभुत्व को दे सकता हैं चुनौती -राहुल

नई दिल्ली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सैन्य और युद्धक उपकरण तेजी से इलेक्ट्रिक मोटरों की ओर बढ़ रहे हैं, जिन पर चीन का दबदबा है। तिरुवनंतपुरम के टेक्नो पार्क में आईटी जगत के लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर भारत को ₹सही नीतियां और दूरदृष्टि₹ दी जाए, तो वह इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकता है। रूस-यूक्रेन और ईरान संघर्षों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप यूक्रेन जाएं और युद्धक्षेत्र में जो हो रहा है उसे देखें, तो आप पाएंगे कि ड्रोन आंतरिक दहन इंजनों को पूरी तरह से खत्म कर रहे हैं। ईरान में, आप देखेंगे कि सैन्य क्षेत्र बैटरी ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रिक मोटर की ओर बढ़ रहा है। इन तकनीकों पर किसका दबदबा है? चीन का। यह हमारे लिए एक बड़ी समस्या है क्योंकि हम ही एकमात्र ऐसे देश हैं जो यह बदलाव ला सकते हैं। सही नीतियों और दूरदृष्टि के साथ, भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकता है। शुक्रवार को, राहुल गांधी ने इडुक्की के मारियन कॉलेज के छात्रों से बातचीत के दौरान ₹द केरल स्टोरी 2₹ को लेकर चल रही बहस का जिक्र करते हुए, सिनेमा और मीडिया के राजनीतिक प्रचार के लिए इस्तेमाल की आलोचना की। गांधी ने कहा कि सिनेमा और मीडिया का इस्तेमाल समुदायों को बदनाम करने और सामाजिक विभाजन पैदा करने के लिए तेजी से ₹हथियार₹ के रूप में किया जा रहा है। छात्रों के साथ अपनी बातचीत का वीडियो साझा करते हुए उन्होंने लिखा, ₹केरल की असली कहानी - करुणा, एकता और हमेशा एक-दूसरे का साथ देना। सिनेमा और मीडिया को लोगों को एकजुट करना चाहिए, न कि समाज को बांटने या समुदायों को बदनाम करने के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए।₹ राहुल गांधी का केरल दौरा 2026 के केरल विधानसभा चुनावों से पहले हो रहा है, जहां कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक गठबंधन (एलडीएफ) को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने की कोशिश करेगा। केरल में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

## नीतीश का रास में जाना बीजेपी की सियासी चाल- राबड़ी देवी



पटना, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की नेता राबड़ी देवी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीतीश कुमार को बिहार से बाहर धकेल रही है और राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद उन्हें बिहार नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति नहीं है, बल्कि भाजपा की एक रणनीतिक चाल है। उनका इशारा है कि भाजपा (2025 के चुनावों में मिली भारी जीत के बाद एनडीए की वरिष्ठ सहयोगी) अब मुख्यमंत्री पद खुद चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा नीतीश कुमार को बिहार से बाहर निकाल रही है। उनका दिमाग खराब हो गया है। नीतीश कुमार को बिहार नहीं छोड़ना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी बिहार में आए एक बड़े राजनीतिक बदलाव के बीच आई है, जब नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। कुमार के साथ-साथ उपेंद्र कुशवाहा और बिहार भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन सहित अन्य राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवारों ने भी पहले ही अपना नामांकन दाखिल कर दिया था। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने दो दशकों से अधिक समय तक सेवा की है और उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वे राज्यसभा जाएंगे और मौजूदा चुनाव में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। 75 वर्षीय व्यक्ति ने यह भी कहा कि नए मंत्रिमंडल को उनका पूरा समर्थन प्राप्त होगा।

नीतीश कुमार ने पर पोस्ट किया कि मैं इस बार हो रहे चुनावों में राज्यसभा का सदस्य बनना चाहता हूं। मैं आपको पूरी ईमानदारी से आश्वस्त करना चाहता हूं कि भविष्य में भी आपके साथ मेरा संबंध बना रहेगा और विकसित बिहार के निर्माण के लिए आपके साथ मिलकर काम करने का मेरा संकल्प अटल रहेगा।

## निशांत कुमार के हाथ में सौंपी जेडीयू की कमान, बनेंगे बिहार के अगले उपमुख्यमंत्री

पटना, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। बिहार की सियासत में पिछले दो दशकों से 'अजेय' रहे नीतीश कुमार ने अब अपनी विरासत की कमान अगली पीढ़ी को सौंपने का मन बना लिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इकलौते बेटे निशांत कुमार कल यानी रविवार (8 मार्च) को औपचारिक रूप से जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल होंगे। इसके साथ ही चर्चा यह भी है कि उन्हें राज्य की नई सरकार में उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी दी जा सकती है। जेडी(यू) के वर्कर्स और लीडर्स लगातार मांग कर रहे हैं कि निशांत को पॉलिटिक्स में आना चाहिए। यह मांग शुक्रवार की मीटिंग के दौरान एक बार फिर उठाई गई, जिसमें पार्टी लीडर्स ने कहा कि निशांत अपने पिता की जगह लेने के लिए सबसे अच्छे चॉइस होंगे। खास बात यह है कि मीटिंग के दौरान, नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि राज्यसभा मेंबर बनने के बाद भी वह पार्टी पर नजर रखेंगे। नीतीश के अपर हाउस जाने के साथ, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का बिहार में पहली बार अपना मुख्यमंत्री बनना तय है।

# ईरान का एक और युद्धपोत अभी भारत में, 183 नौसैनिक मौजूद, तकनीकी खराबी के बाद मांगी मदद




तेल अवीव/तेहरान, 07 मार्च (एजेंसी/देवव्रत संवाद)। ईरान का एक युद्धपोत क्कक्र लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। अठकने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं।

नावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे जहाज भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत क्कक्र देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए। कतर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को देश के एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान से भेजे गए ड्रोन हमलों का सामना किया। ये हमले सुबह से शुरू होकर शाम तक कई चरणों में हुए।

मंत्रालय के अनुसार, कतर की ओर कुल 10 ड्रोन दागे गए, जिनमें से 9 को एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। दसवां ड्रोन एक निर्जन क्षेत्र में गिरा, जिससे किसी के घायल होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है।

## पुलिस कॉन्स्टेबल की पीट-पीटकर हत्या

अमृतसर , 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। एक गांव जगदेव कलां में एक पुलिस कॉन्स्टेबल की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। फिलहाल वह डीएसपी के सुरक्षा गार्ड के तौर पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि रिश्तेदारी में विवाद के चलते उनकी हत्या की गई है। अमृतसर के राजासांसी क्षेत्र के गांव जगदेव कलां में पंजाब पुलिस कॉन्स्टेबल की पीट पीट कर हत्या कर दी गई। रिश्तेदारों ने घर पर हमला कर लोहे की रॉड और डंडों से कांस्टेबल से मारपीट की। गंभीर रूप से घायल कॉन्स्टेबल को परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मृतक की पहचान गांव जगदेव कलां निवासी जगजीत सिंह के रूप में हुई है।

# हमारा पीडीए फार्मूला ही सामाजिक न्याय की गारंटी है-अखिलेश यादव



लखनऊ, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। समाजवादी पार्टी (एसपी) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी की पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक विचारधारा की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज में सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, एसपी प्रमुख ने प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और गरिमा की रक्षा करने और न्याय दिलाने के लिए पीडीए के लोगों के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। यादव ने कहा कि आने वाले समय में, पीडीए सरकार न केवल सामाजिक न्याय बल्कि सामाजिक न्याय के शासन को स्थापित करने के लिए मिलकर काम करेगी। पीडीए के लोग और समाजवादी लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार और गरिमा को सुनिश्चित किया जाए। इस बीच, यादव ने भाजपा की आलोचना की क्योंकि बिहार के मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव 2026 के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि जेडीयू प्रमुख प्रधानमंत्री पद से सेवानिवृत्त हों। पत्रकारों से बात करते हुए सपा प्रमुख ने कहा, ₹राजनीति को समझने वाले जानते थे कि भाजपा क्या कदम उठाएगी। हम चाहते थे कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री पद से सेवानिवृत्त हों, लेकिन अब वे राज्यसभा सदस्य के रूप में सेवानिवृत्त होंगे।₹ 2024 के आम चुनाव से पहले एनडीए में फिर से शामिल होने से पहले, नीतीश कुमार इंडिया ब्लॉक के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और उनके समर्थक उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानते थे। इससे पहले जनवरी में, अखिलेश यादव ने मतदाताओं और 'पीडीए संरक्षकों' से अपील की थी कि वे यह सुनिश्चित करें कि पीडीए समुदाय के वोट विभाजित न हों। उन्होंने ₹एक भी वोट विभाजित न हो, एक भी वोट कम न हो₹ के नारे के साथ एकता के महत्व पर जोर दिया। यादव ने चेतावनी दी कि मतदाता सूचियों में छूटे हुए नामों का भाजपा सरकार द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है।

## पति को परोसा तीन दिन बासी सांबर, जमकर हुआ झगड़ा, पत्नी ने कर ली आत्महत्या

बेंगलुरु , 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 27 वर्षीय महिला काव्या ने अपने पति के साथ हुई छोटी-सी बहस के बाद कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना गुरुवार को हुई, जब काव्या ने तीन दिन पहले बनाया गया सांभर दोबारा गर्म करके पति रंगास्वामी को परोसा। पति को लगातार तीन दिनों से एक ही बासी सांभर मिलने से गुस्सा आ गया और दोनों के बीच जोरदार विवाद हो गया। काव्या 5 साल से विवाहित थी और उनका 4 साल का बच्चा भी है। विवाद के दौरान बातें इतनी बढ़ गईं कि पति ने काव्या को गालियां दीं और उन पर हमला करने की कोशिश भी की। आहत होकर काव्या ने घर में रखे कृषि उपयोग के कीटनाशक को निगल लिया। परिवार के सदस्यों ने जब उन्हें उल्टी करते देखा तो तुरंत अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। यह घटना बेंगलुरु के किसी इलाके में हुई, जहां दंपति रहते थे। पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा।

# ईरान अब अपने पड़ोसी देशों पर नहीं करेगा हमला बशर्ते वहां से ईरान पर न हो कोई हमला -राष्ट्रपति



तेहरान, 07 मार्च (एजेंसी/देवव्रत संवाद)। ईरान के नए ऐलान के साथ ही मीडिल ईस्ट में तेज हुई जंग के अब थमने के आसार नजर आ रहे हैं। अयातुल्ला खामनेई की मौत के बाद भड़का ईरान लगातार अपने पड़ोसी खाड़ी देशों को निशाना बनाकर मिसाइलें दाग रहा था। लेकिन अब अपने इस कदम के लिए माफी मांगते हुए वो बैकफुट पर आता नजर आ रहा है। ईरान के अंतरिम नेतृत्व परिषद ने कल यह मंजूरी दी कि पड़ोसी देशों पर अब हमले नहीं किए जाएंगे, बशर्ते कि ईरान पर हमला वहीं से न हो। राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने यह बात कही है। ईरानी मीडिया द्वारा प्रसारित बयान में राष्ट्रपति ने पिछले कुछ दिनों में हुए हमलों के लिए पड़ोसी देशों से माफी भी मांगी।

इराक स्थित खबात संगठन ऑफ ईरानी कुर्दिस्तान के महासचिव बाबाशेख हुसैनी ने अल जजीरा को बताया कि इराक स्थित ईरानी कुर्द लड़ाकों द्वारा ईरान में जमीनी अभियान चलाने की प्रबल संभावना है। उन्होंने पुष्टि की कि अमेरिका ने विभिन्न माध्यमों से उनसे संपर्क किया है। अल जजीरा द्वारा पूछे जाने पर कि क्या उनके लड़ाके पहले से ही जमीनी अभियान चला रहे हैं, हुसैनी ने जवाब दिया, फिलहाल नहीं। हम वर्तमान में किसी भी आक्रामक अभियान में शामिल नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम लंबे समय से योजना बना रहे हैं और अब जब परिस्थितियां अधिक अनुकूल हैं, तो कार्रवाई की प्रबल संभावना है। हुसैनी ने कहा कि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन ₹यह प्रबल संभावना है कि हम जमीनी अभियान के साथ आगे बढ़ेंगे। तसनीम समाचार एजेंसी के अनुसार, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने खाड़ी में एक ड्रोन से तेल टैंकर 'प्राइमा' को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि यह हमला होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात निषेध और असुरक्षित प्रकृति के संबंध में आईआरजीसी नौसेना की बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज करने के बाद किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ₹दोषी टैंकर₹ के खिलाफ यह घटना आज सुबह कुछ मिनट पहले हुई। मरीन ट्रैफिक वेबसाइट के अनुसार, प्राइमा माल्टा के झंडे के तहत चलने वाला एक तेल और रसायन टैंकर है।

## बिहार और बंगाल को काटकर नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की अटकलें

पटना, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में बिहार के सीमांचल का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने बिहार के बड़े अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक की। इसके बाद इस बात की अटकलें लगने लगी कि बिहार के कुछ जिलों और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों के मिलाकर एक नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने की तैयारी चल रही है।

# नाबालिग बच्चों के सोशल मीडिया प्रयोग पर प्रतिबंध, कर्नाटक सरकार का उचित निर्णय

डिजिटल क्षेत्र में भारत के अग्रणी राज्य कर्नाटक ने सोलह साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया के घातक प्रभावों से बचाने के लिये देश में सबसे पहले अनुकरणीय पहल की है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट सत्र के दौरान घोषणा की है कि किशोरवय अब सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर सकेंगे। यह निर्णय अभिभावकों की उस चिंता को कम करता है जो अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान थे। जिसमें साइबर बुलिंग व साइबर धोखाधड़ी भी शामिल है। कर्नाटक की पहल के बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की है कि अगले नब्बे दिनों के भीतर 13 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगा दी जाएगी। इस तरह आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा सख्त फैसला लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इस प्रकार ये दो राज्य तेजी से ऑनलाइन होती दुनिया में ह्यकिशोरों की सुरक्षा कैसे की जाएह्व, की वैश्विक बहस में शामिल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि ऐसी पहल पहले आस्ट्रेलिया और फ्रांस आदि देशों में हो चुकी है। हालांकि, इन राज्यों की पहल सराहनीय है, लेकिन इस प्रतिबंध का प्रभावी क्रियान्वयन कैसे सुनिश्चित होगा, इसका प्रारूप अभी स्पष्ट नहीं है। दरअसल, देश-दुनिया के मनोवैज्ञानिक और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उल्लेखनीय है कि इस चिंता का जिक्र 2025-26 के केंद्र सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण में भी किया गया था। कर्नाटक व आंध्र प्रदेश की यह पहल तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य के प्रति एक सुरक्षात्मक दृष्टिकोण ही दशार्ती है। लेकिन यहां सवाल उठता है कि इस कार्य योजना को अमलीजामा कैसे पहनाया जाएगा? यह हकीकत जानते हुए कि आज के डिजिटल युग में, स्मार्टफोन और ऐप्स शिक्षा, संचार और दैनिक जीवन के अभिन्न अंग बन गए हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि तमाम स्कूल असाइनमेंट और अपडेट के लिये मैसेजिंग एप्स, ऑनलाइन पोर्टल और डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर निर्भरता बढ़ गई है। यही वजह है कि छात्रों द्वारा ह्यशैक्षिकह्व और ह्यसामाजिकह्व उपयोग के बीच अंतर करना मुश्किल साबित हो सकता है। वहीं चिंता की बात यह भी कि किशोरों की आयु का सत्यापन कैसे व्यावहारिक बनाया जा सकेगा। वहीं देखना होगा कि सोशल मीडिया को संचालित करने वाली तकनीकी कंपनियां किस हद तक इस दिशा में सहयोग करेंगी। सहयोग न मिलने पर प्रतिबंध की व्यावहारिकता पर सवालिया निशान लग सकते हैं। उन परिवारों में जहां एक ही मोबाइल फोन का परिवार के अन्य सदस्य भी उपयोग करते हैं, वहां प्रतिबंध की व्यावहारिकता पर सवाल लग सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह साल से कम उम्र के बच्चों के लिये सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लागू है। वहीं दूसरी ओर फ्रांस जैसे अन्य देश भी सख्त डिजिटल सुरक्षा नियमों को लागू करने को लेकर गंभीर हैं।

इसमें दो राय नहीं कि बच्चों को बेहतर डिजिटल सुरक्षा दी जानी जरूरी है, लेकिन केवल नियमन मात्र से इस जटिल समस्या का समाधान संभव नहीं हो सकता है। इस दिशा में सार्थक परिवर्तन सरकारों, स्कूलों, तकनीकी प्लेटफॉर्मों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अभिभावकों के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण पर निर्भर करेगा। हालांकि, किशोरों को सोशल मीडिया की विकृतियों से बचाने के लिये तात्कालिक पहल केंद्र सरकार की तरफ से की जाती तो उसका देशव्यापी प्रभाव होता। लेकिन इसके बावजूद यदि कर्नाटक व आंध्र प्रदेश ने इस दिशा में पहल की है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा ले सकेंगे। फिर निश्चित तौर पर केंद्र सरकार को भी देश में एक केंद्रीय कानून लाने को बाध्य होना पड़ सकता है। वहीं केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर विषय विशेषज्ञों और समाज के विभिन्न वर्गों से भी राय लेनी चाहिए। ऐसे वक्त में जब बच्चों का स्क्रीन टाइम एक लत के रूप में लगातार बढ़ा है तथा उनकी एकाग्रता कम होने से पढ़ाई बाधित हो रही है, तो इस संकट का समाधान केंद्र व राज्यों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# खाडी युद्ध का सीधा असर आपके चूल्हे पर



• राकेश अचल

साहब ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद से खामोश थे. सरकार को ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर शोक जताने का होश भी एक हफ्ते बाद आया और अब सरकार की बेहोशी का खमियाजा कहिये या युद्ध का दुष्परिणाम कि युद्ध ने आपकी रसोई को भी अपनी चपेट में ले लिया है. सरकार को झक मारकर रसोई गैस के दाम बढाना पडे हैं.घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में शनिवार, 7 मार्च से बढ़ोतरी कर दी गई है। देश भर में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की वृद्धि हुई है।

आप मानें या न मानें किंतु खाडी युद्ध में ये आपकी अप्रत्यक्ष भागीदारी है. भारत ने यदि विदेश नीति के साथ यदि छेडछाड न की होती तो शायद भारत युद्ध की विभीषका से बच जाता. युद्ध की वजह से भारत को खाडी से होने वाली गैस की आपूर्ति सिर्फ इसलिए बाधित हो रही है क्योंकि भारत तटस्थ नही है. भारत हमलावरों के साथ तो है, पीडित पक्ष के साथ नहीं.

खाडी युद्ध की वजह से सिर्फ रसोई गैस ही नहीं साथ में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी इसी तारीख से 115 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसका सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पड़ेगा।इससे पहले, अप्रैल 2025 से घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था। यह ताजा संशोधन घरेलू और व्यावसायिक उपयोगकताओं दोनों के लिए एक बड़ी वृद्धि है।

आपको बता दूं कि केवल एलपीजी और सीएनजी गैस की कीमतें बढने से उपभोक्ता की कमर टूटने वाली है. इस समय देन में अकेले रसोई गैस के ही 32 करोड उपभोक्ता हैं. देश में हर साल करीब 180 करोड गैस सिलेंडर की खपत होती है. सरकार उज्जवला योजना के तहत करीब 15 हजार करोड़ की राज सहायता( सब्सिडी ) देती है. इस तरह केवल रसोई गैस की कीमतें बढने से देश की जनता पर 60 हजार करोड रुपये का बोझ लाद दिया गया है.

भारत में एलपीजी हो या सीएनजी, खपत से आधी भी पैदा नही होती. भारत में इस समय 65 फीसदी एलपीजी और 50 फीसदी सीएनजी आयात की जाती है. ये दोनों का आयात स ऊदी अरब, कतर, यूएई,, कुवैत, अमेरिका,, आस्ट्रेलिया और रूस से आता है. युद्ध की वजह से ईरान ने गैस और कच्चे तेल की आपूर्ति से भारत को वंचित कर दिया है.इसलिए युद्ध जितना लंबा खिंचेगा भारतीयों की मुसीबतें उतनी ज्यादा बढेंगी. मुमकिन है कि आने वाले दिनों में पूरा देश एक बार फिर पेट्रोल पंपों पर कतार लगाए नजर आने लगे.

खास बात ये है कि सरकार अपनी गलती मानने को राजी नही है.केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पहले भरोसा दिलाया था कि देश में एनर्जी सप्लाई और फ्यूल की कोई कमी नहीं है और कंज्यूमर्स को सप्लाई में रुकावटों की चिंता करने की जरूरत नहीं है.अब सवाल ये है कि यदि कमी नहीं है तो ये कीमतें किस खुशी मे बढाई गई हैं. इस मूल्यवृद्धि को लेकर कोई हाय तौबा वैसे तो होगी नहीं क्योंकि देश प्रतिकार और सवाल करना भूल गए हैं. और यदि विरोध हुआ भी तो आपसे देशहित में खामोश रहने को कहा जाएगा. मर्जी है आपकी.




# न्याय निष्पक्षता के महत्व की रक्षा हो

• विश्वनाथ सचदेव

न्यायपालिका के प्रति पूरा सम्मान रखने के बावजूद इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि न्याय-व्यवस्था से जुड़े व्यक्ति भी उसी समाज से आते हैं जिसका हम सब हिस्सा हैं। यह कौन कह सकता है कि हमारा समाज शत-प्रतिशत ईमानदार है?

अब यह बात पुरानी नहीं बल्कि बहुत पुरानी लगती है। सातवीं या आठवीं कक्षा में पढ़ता था मैं। सामूहिक गीत गवाये जाने की प्रथा थी तब स्कूल में। दो ऐसे गीतों की पंक्तियां मुझे आज, सत्तर-पचहत्तर साल बाद, भी याद हैं, अच्छी लगती थीं मुझे यह पंक्तियां। एक कविता में नया जमाना लाने की बात कही गयी थीझ ह्यदे वरदान हमें माता हम निकले आन निभाने को... जहां बेटियां बिकती हैं, बेटों का मोल किया जाता... ऐसे समाज के ढांचे की हम निकले नींव हिलाने को... और एक कविता थी्-मेरा देश कि जिसकी मिट्टी सोना उगले, और जहां की भूखी जनता मिट्टी निगले... न्याय दास है यहां करेंसी के नोटों का, शासन भिखमंगा है जनता के वोटों का...।

आज न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर देश में एक विवाद-सा चल रहा है। हुआ यह है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की एक पुस्तक में देश की न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक से एक पाठ शामिल किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने इस पर आपत्ति उठायी है। उन्हें लग रहा है कि आठवीं कक्षा के बच्चों को यह सब बताने से उनके कोमल मस्तिष्क पर गलत प्रभाव पड़ सकता है। न्यायपालिका के बारे में उनके मन में गलत अवधारणा बन सकती है। तर्क यह दिया जा रहा है कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बालक की बुद्धि इतनी परिपक्व नहीं होती कि वह मुद्दे की गहराई को समझ सके। न्यायालय ने आठवीं कक्षा की इस पुस्तक को प्रतिबंधित कर दिया है और एनसीईआरटी ने भी अपनी ह्यगलतीह्व के लिए क्षमा मांग कर पुस्तक की बिक्री पर रोक लगा दी है। मैंने पुस्तक का यह विवादास्पद अध्याय नहीं पढ़ा है, पर इसके बारे में जितना कुछ मीडिया में आया है उसे देखते हुए यह अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि उच्चतम न्यायालय को यह आशंका है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में दी गयी जानकारी से आठवीं में पढ़ने वाले बालक की बाल-बुद्धि पर गलत प्रभाव पड़ेगा। जब बाल-बुद्धि वाली यह बात मैंने पढ़ी तो अनायास मुझे वे दो कविताएं याद आ गयीं, जिनकी चर्चा आलेख के प्रारंभ में की गयी है। मैं सोच रहा हूं कि क्या सचमुच इन कविताओं को पढ़कर मेरे मन में ह्यजर्जर समाजह्व या ह्यकरेंसी नोटों की दास न्यायपालिकाह्व के बारे में कोई ऐसी धारणा बन गयी थी जिसे गलत कहा या समझा जा रहा है? सच कहूं तो आठवीं कक्षा की अपनी पढ़ाई के दौरान और आज उसके लगभग सत्तर साल बाद भी, और उस कविता को पसंद करने के बावजूद, न्यायपालिका के महत्व को मैंने कभी कम नहीं आंका, और न ही कभी मुझे ऐसा लगा कि न्यायपालिका के बारे में मेरे मन में सम्मान कहीं कम हुआ है।

जिन चार स्तंभों पर हमारा जनतंत्र टिका है, उनमें संभवतः सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है हमारी न्यायपालिका और आरोपों और अपवादों के बावजूद आज भी न्यायपालिका पर देश का भरोसा कम नहीं हुआ है। न्यायपालिका की कार्यप्रणाली और उसकी निष्पक्षता को लेकर सवाल भले ही उठते रहे हों, पर इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि कुल मिलाकर हमारी न्यायपालिका देश की जनता को एक भरोसा देती है। यह भरोसा बना रहे शायद यही मंशा रही होगी उच्चतम न्यायालय की जब उसने एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की किताब के एक अध्याय पर सवालिया निशान लगाया।

ऐसा नहीं है कि एनसीईआरटी की किताबों पर




पहले कभी सवाल नहीं उठे। कई बार हुआ है ऐसा। कई बार इन किताबों में शामिल सामग्री विवादों के घेरे में आयी है। छोटी कक्षाओं में पढ़ाई जाने वाली यह किताबें हमारी भावी पीढ़ी का निर्माण करती हैं। इनकी निष्पक्षता और इनके महत्व की रक्षा होनी ही चाहिए। पर जहां तक न्यायपालिका के सम्मान और प्रतिष्ठा का सवाल है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। न्यायपालिका के प्रति पूरा सम्मान रखने के बावजूद इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि न्याय-व्यवस्था से जुड़े व्यक्ति भी उसी समाज से आते हैं जिसका हम सब हिस्सा हैं। यह कौन कह सकता है कि हमारा समाज शत-प्रतिशत ईमानदार है?

कचरा यदि कहीं है तो उसे कार्पेट के नीचे छुपा देने से सफाई नहीं हो जाती। कचरे के अस्तित्व को स्वीकार करना होगा, तभी सफाई की आशा की जा सकती है। हमारे न्यायालय में विभिन्न स्तरों पर लाखों मामले लंबित पड़े हैं। हमें स्वीकार करना होगा कि न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय न मिलना ही होता है। हकीकत यह भी है कि ऐसे मामलों की संख्या घटने के बजाय लगातार बढ़ती ही जा रही है। न्यायपालिका को स्वयं सोचना होगा कि यह कैसे सुधरे। रहा सवाल कुछ न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का, तो हमें यह स्वीकारना होगा कि कुछ स्तरों पर खामियां हैं, भ्रष्टाचार है। लोकसभा में रखे गये आंकड़ों के अनुसार पिछले एक दशक में यानी सन्‌ 2016 से सन्‌ 2025 तक मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ 8600 से अधिक शिकायत दर्ज की गयी हैं। इन शिकायतों में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से मिली भारी मात्रा में नकदी का मामला शामिल है। अदालत में जनता का विश्वास बना रहे, इसके लिए जरूरी है कि ऐसे मामलों का निपटारा जल्दी से जल्दी हो।

भ्रष्टाचार का मतलब सिर्फ नकद रिश्वत ही नहीं होता। मनवांछित निर्णय पाने के लिए राजनीतिक दबाव भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में ही आता है। उच्च अदालतों में मामले अपने मनचाहे न्यायाधीशों के समक्ष ही आयें, इसके लिए होने वाली कोशिशें भी इसी श्रेणी में आती हैं। सिर्फ न्याय होना ही पर्याप्त नहीं होता, न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए। यहां एक और आंकड़ा भी मुद्दे की गंभीरता को समझने में मदद कर सकता है। सन्‌ 2007 में जारी ह्यग्लोबल करप्शन रिपोर्टह्व के अनुसार भारत में किए गये जनमत-सर्वेक्षण में 77 प्रतिशत लोगों ने न्याय व्यवस्था पर अविश्वास जताया था। इस बात की आशा की जानी चाहिए कि आज यह स्थिति बेहतर होगी, और यह भी संभव है कि विश्व में भ्रष्टाचार की तुलना में हमारी स्थिति बेहतर हो, पर इस आंकड़े से यह संकेत तो लिया ही जाना चाहिए कि देश की जनता न्याय-व्यवस्था में कदाचार की स्थिति से अवगत भी है और चिंतित भी।यह संभव है कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की बाल-बुद्धि भ्रष्टाचार के मामले की गंभीरता को न समझे, या फिर कुछ गलत निष्कर्ष भी निकाल ले।

पर इससे स्थिति की गंभीरता कम नहीं होती कि हमारी न्याय-व्यवस्था में कहीं कुछ बहुत बड़ी खामी घुसपैठ करती दिख रही है। यदि आठवीं कक्षा में मेरी पीढ़ी न्याय की करेंसी के नोटों का दास वाली बात कुछ-कुछ समझ सकती है तो आज की पीढ़ी तो कहीं अधिक समझदार है। इंटरनेट और कृत्रिम मेधा वाले समय में बच्चों से कुछ छिपाकर नहीं, बच्चों को बहुत कुछ बताकर ही उनके साथ न्याय किया जा सकता है। एनसीईआरटी की किताब में बच्चों को क्या बताया गया है, पता नहीं, पर इतना अवश्य पता है कि भरी दोपहर में आंख बंद कर लेने से रोशनी अंधेरे में नहीं बदल जाती। सवाल सच को जानने और उसके अनुरूप आवश्यक कार्रवाई के लिए स्वयं को तैयार करने का है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

## सिने जगत

# अनुपम खेर के चेहरे पर लकवे का असर, फिर भी किया शूटिंग



एक लड़का, जिसने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से अभिनय की तालीम हासिल की और बड़े ख्वाबों के साथ मुंबई पहुंचा। उसे एक फिल्म में शानदार किरदार मिला और उसने छह महीने तक पूरी लगन और मेहनत से उसकी तैयारी की। तभी अचानक खबर आई कि उसका रोल किसी और को दिया जा सकता है। मायूस होकर उसने मुंबई छोड़ने का फैसला कर लिया और आखिरी दफा फिल्म के डायरेक्टर महेश भट्ट से मिलने गया।

गुस्से में उसने उन्हें खरी-खोटी भी सुना दी। मगर उसकी सच्चाई, हिम्मत और जुनून देखकर महेश भट्ट ने फैसला किया कि यह किरदार वही निभाएगा। इसके बाद 28 साल की उम्र में उसने बुजुर्ग का रोल इतने शानदार तरीके से अदा किया कि उसे बेस्ट एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। बस, इसके बाद उसने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और 500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। जी हां, हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड के मशहूर एक्टर अनुपम खेर की।

7 मार्च 1955 को शिमला (हिमाचल प्रदेश) में एक कश्मीरी पंडित परिवार में पैदा हुए अनुपम खेर के पिता पुष्कर नाथ खेर वन विभाग में क्लर्क थे, जबकि उनकी माता दुलारी खेर गृहिणी थीं। उनकी स्कूल की पढ़ाई शिमला के डी. ए. वी. स्कूल से हुई थी। अनुपम खेर के एक छोटे भाई राजू खेर हैं।

अनुपम खेर ने शो आप की अदालत में बताया था कि ग्यारहवीं कक्षा में उन्हें अपने मोहल्ले में आई एक लड़की से प्यार हो गया था। वह लड़की अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ती थी और एक आर्मी ऑफिसर की बेटी थी। अनुपम खेर और उनके दोस्त विजय सहगल कई महीनों तक साइकिल से उसके पीछे-पीछे जाते रहे, लेकिन अनुपम मोहब्बत का इजहार करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। छोटे शहर का माहौल था, जहां जज्बात दिल में रहते थे और अल्फाज होंठों तक आते-आते रुक जाते थे।

करीब दो महीने बाद दोस्त के कहने पर उन्होंने लड़की से ह्लआई लव यूह्व कह दिया, जिस पर लड़की ने जवाब में ह्लमी टूह्व कहा। अनुपम खेर को उस समय अंग्रेजी ज्यादा समझ नहीं आती थी और वह ह्लमी टूह्व का मतलब भी फौरन नहीं समझ पाए। बाद में दोस्त ने समझाया कि इसका मतलब है कि वह भी उनसे मोहब्बत करती है। इसके बाद उनके दोस्त ने उन्हें लड़की से ह्लआई वांट टू किस यूह्व कहने की सलाह दी। उस दौर में ऐसा कहना बहुत बड़ी बात होती थी। एक महीने बाद उन्होंने हिम्मत कर यह भी कह दिया, जिस पर लड़की ने जवाब में कहा कि स्कूल के एनुअल फंक्शन के दिन वह उन्हें किस करेगी।

हालांकि बाद में अनुपम खेर को ध्यान आया कि एनुअल फंक्शन में अभी आठ महीने बाकी थे। इसी दौरान दोस्त ने मजाक में उन्हें किस की प्रैक्टिस करने की सलाह दी, जिसके बाद उन्होंने शीशे के गिलास से अभ्यास करना शुरू कर दिया, जिससे उनके होंठ कट गए और सूज गए।

कहानी में नया मोड़ तब आया जब लड़की ने शर्त रखी कि वह एनुअल फंक्शन में साड़ी पहनकर आएगी और अनुपम खेर को सूट पहनकर आना होगा। खेर ने बताया था कि उनके परिवार में पहले किसी ने सूट नहीं पहना था। जब उन्होंने घर पर सूट की मांग की तो परिवार हैरान रह गया। किसी तरह उन्होंने पिता को स्कूल के कार्यक्रम का बहाना देकर राजी किया और सूट सिलवाया।

तय दिन पर दोनों ने रेलवे ब्रिज के नीचे मिलने का फैसला किया। किस करने से पहले वह और उनके दोस्त ने वहां के बल्ब तक तोड़ दिए ताकि कोई देख न सके। रात करीब साढ़े आठ बजे लड़की साड़ी में पहुंची और वह खुद नीले सूट में पहुंचे।

दोनों के बीच कुछ देर खामोशी रही। जैसे ही वह किस करने के लिए आगे बढ़े, उसी समय लड़की के घर की लाइट जल गई और उसके पिता दरवाजे पर दिखाई दिए। घबराहट में लड़की ने अपना चेहरा मोड़ लिया और अनुपम खेर का पहला किस उसके होंठों की बजाय उसके कान पर जा लगा। इंटरव्यू में खेर ने कहा कि उनका पहला किस डिजास्टर साबित हुआ था।

स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद अनुपम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला से संबद्ध गवर्नमेंट कॉलेज, संजौली में अर्थशास्त्र की पढ़ाई शुरू की। लेकिन बाद में भारतीय रंगमंच का अध्ययन करने के लिए उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में प्रवेश लिया और अपना पहले वाला कोर्स बीच में ही छोड़ दिया। बाद में उन्होंने 1978 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली से भी एक्टिंग की बारीकियां सीखीं।लंबे संघर्ष के बाद उन्हें फिल्म सारांश (1984) में एक शानदार भूमिका निभाने का मौका मिला, लेकिन कुछ दिनों बाद उनका रोल बदलने की बात होने लगी। हालांकि उनका कॉन्फिडेंस और इरादा देखकर फिल्म के डायरेक्टर महेश भट्ट ने वही रोल दिया जो उनको ऑफर किया गया था। इसके बाद अनुपम को फिल्म से एक शानदार पहचान मिली। सारांश में अनुपम खेर ने बी.वी. प्रधान का रोल किया था, जो 65 साल के रिटायर्ड स्कूल टीचर थे और अपने इकलौते बेटे को खोने के गम से जूझ रहे थे।

# महिला किसान वर्ष 2026 : क्या जेंडर बजट डिजिटल सशक्तिकरण की नई आधारशिला

• डॉ स्मिता सरोज



8 मार्च को जब समूचा विश्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव मनाता है मंचों पर महिलाओं की विविध में उपलब्धियों की गूंज सुनाई देती है और उनके सम्मान, स्वतंत्रता और समानता के संकल्प दोहराए जाते हैं। किंतु इसी समय गांव के किसी खेत में महिला किसान अपने दिन की शुरूआत कर चुकी होती है- मिट्टी से सनी हथेलियों के साथ, धूप और जिम्मेदारियां के बीच। वह उत्सव का चेहरा नहीं बनती, परन्तु कृषि अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाने में उसकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। यह आत्म मंथन का अवसर है- जब देश बर्ष 2026 को महिला किसान वर्ष के रूप में इंगित कर रहा है, तब यह प्रश्न और भी प्रासंगिक हो जाता है कि क्या वास्तव में खेतों में श्रम करने वाली महिलाओं की आर्थिक निर्णयों में समान रूप से भागीदारी है ?

उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और कृषि प्रधान राज्यों में लाखों महिलाएं कृषि कार्य में प्रत्यक्ष योगदान देती है। वे बीज बोती है, रोपाई करती है, पशुपालन संभालती है ,परिवार की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है, परंतु भूमि के स्वामित्व, आय के नियंत्रण और निवेश के निर्णय में उनकी भूमिका सीमित रहती है ।श्रम उनका है पर नियंत्रण किसी और का, यही वह विडंबना है - जो महिला सशक्तिकरण के दावों को अधूरा बना देती है ।

पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की संरचना को बदलने की संभावना जगाई है । सरकारी योजनाओं की राशि अब सीधे बैंक खातों में पहुंचती है, पारदर्शिता बढ़ी है , बिचौलियों की भूमिका घटी है, परंतु प्रश्न यह है कि क्या खाते में राशि का आ जाना ही आर्थिक स्वायत्तता है ? यदि एटीएम कार्ड या मोबाइल लेनदेन का नियंत्रण किसी और के हाथ में है , तो यह व्यवस्था केवल तकनीकि सुविधा भर है, स्वतंत्रता नहीं। राज्य बजट में जेंडर बजटिंग की भी व्यवस्था लागू है , जिसके माध्यम से संबंधित योजनाओं और व्ययों को अलग से चिन्हित किया जाता है । यह एक सकारात्मक कदम है क्योंकि इससे नीति निर्माण में महिलाओं को एक स्वतंत्र आर्थिक इकाई के रूप में मान्यता मिलती है ।किंतु यहां भी मूल प्रश्न वही है- क्या यह आवंटन महिलाओं की वास्तविक निर्णय क्षमता में परिवर्तित कर पा रहा है ? यदि बजट में प्रावधान बढ़ते रहें पर परिणाम जमीन पर ना दिखे, तो यह व्यवस्था कागजी उपलब्धि बनकर रह जाएगी ।

## महिला दिवस पर विशेष

एक महिला होने के नाते मैं यह भली भांति समझती हूं कि आर्थिक स्वतंत्रता का अर्थ केवल आय प्राप्त करना नहीं बल्कि उस आय पर निर्णय लेने का अधिकार होना है ।ग्रामीण परिवेश में आज भी अनेक महिलाएं दिन-रात श्रम करती हैं, परंतु उनके परिश्रम का मूल्यांकन और नियंत्रण उनके हाथ में नहीं होता ।डिजिटल भुगतान की सुविधा और योजनाओं का लाभ मिलने के बावजूद यदि महिलाएं स्वयं अपने खाते का संचालन करने में आत्मविश्वास महसूस नहीं करती, तो सशक्तिकरण शब्द अधूरा रह जाता है ।महिला किसान वर्ष 2026₹ का विचार तभी सार्थक होगा, जब महिला किसान को केवल सहयोगी श्रमिक नहीं ,बल्कि आर्थिक स्वामी' के रूप में स्वीकार किया जाए ।

डिजिटल भुगतान और जेंडर बजटिंग दोनों ही इस गंभीर सवाल को हल करने का सशक्त उपकरण है - पहला संसाधन पहुंचाने का माध्यम है ,और दूसरा संसाधनों के आवंटन को ढांचा प्रदान करने का । इन दोनों का समुचित क्रियान्वयन महिला की स्वायत्त निर्णय क्षमता को मजबूत कर परिवर्तन को नयी दिशा दे सकते हैं। ग्रामीण समाज में डिजिटल साक्षरता, मोबाइल स्वामित्व और वित्तीय प्रशिक्षण की कमी आज भी बड़ी बाधाएं हैं । यदि महिला स्वयं लेनदेन करना नहीं जानती, यदि वह अपने खाते की शेष राशि देखने में भी दूसरे पर निर्भर है, तो डिजिटल क्रांति का लाभ सीमित रह जाएगा ।इसीलिए आवश्यक है कि जेंडर बजट के अंतर्गत केवल योजनाओं के लिए राशि ना रखी जाए , बल्कि डिजिटल साक्षरता और वित्तीय प्रशिक्षण को भी प्राथमिकता दी जाए।

यदि प्रत्येक महिला किसान अपने बैंक खाते की वास्तविक संचालक बन सके , यदि वह डिजिटल माध्यम से स्वतंत्र रूप से लेनदेन कर सके, यदि जेंडर बजट का आवंटन उसकी जीवन स्थिति में ठोस सुधार ला सके , तभी हम कह सकेंगे कि महिला दिवस का संदेश सार्थक हुआ , अन्यथा ₹महिला किसान वर्ष 2026 और महिला दिवस₹ दोनों प्रतीकात्मक घोषणाएं बनकर रह जाएंगे।

अंततः 8 मार्च केवल उत्सव का दिन नहीं - जवाबदेही का दिन होना चाहिए। यह वह क्षण है - जब राज्य ,समाज और नीति निमार्ता स्वयं से पूछें कि क्या हमने महिला किसान को , जो अन्न, अर्थव्यवस्था और परिवार की आधारशिला गढ़ती है, वास्तव में आर्थिक स्वतंत्रता दी है या अब भी उसे अदृश्य श्रम तक सीमित रखा है? महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि सामान्य कोई उपहार नहीं बल्कि अधिकार है । जब तक महिला किसान अपने श्रम के साथ संसाधनों और निर्णय की स्वामी नहीं बनती, तब तक सशक्तिकरण अधूरा है - और हमारा उत्सव भी।

अस्टिटेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र
देवेन्द्र पी जी कॉंलेज बेल्थरा रोड़ बलिया

# सशक्त महिला, समृद्ध समाज : मानसिक स्वास्थ्य और गरिमा का महत्व

• डॉ. अन्नू त्यागी



महिलाएं हर परिवार की रीढ़ होती हैं। इस रीढ़ का मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि उन्हें बहुआयामी भूमिकाएं निभानी होती हैं और परिवारों व समाजों को आकार देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। यदि वे घर से बाहर काम करती हैं, तो यह जिम्मेदारी दोगुनी हो जाती है।

हालाँकि, इन योगदानों के बावजूद, महिलाओं को लैंगिक असमानता, सामाजिक अपेक्षाएं, सुरक्षा संबंधी चिंताएं और असमान अवसरों जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कई महिलाएं पारिवारिक कर्तव्यों के साथ व्यावसायिक जिम्मेदारियों को संतुलित करने के मनोवैज्ञानिक बोझ का अनुभव करती हैं। उनके द्वारा किया जाने वाला 'भावनात्मक श्रम' अक्सर अदृश्य रहता है, फिर भी यह उनके कल्याण को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि महिलाओं का मानसिक स्वास्थ्य परिवारों और समुदायों के कल्याण के लिए केंद्रीय है। जब महिलाएं तनाव, बर्नआउट या समर्थन की कमी का अनुभव करती हैं, तो यह न केवल उनके व्यक्तिगत कल्याण को प्रभावित करता है बल्कि परिवार के भावनात्मक वातावरण को भी प्रभावित करता है। इसलिए, समझदारी, साझा जिम्मेदारियों और सहायक वातावरण के माध्यम से महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करना अनिवार्य है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें याद दिलाता है कि महिलाओं को सशक्त बनाना न केवल अवसर प्रदान करने के बारे में है, बल्कि गरिमा, सुरक्षा और मनोवैज्ञानिक कल्याण सुनिश्चित करने के बारे में भी है। एक समाज जो महिलाओं की आवाज को महत्व देता है, उनकी आकांक्षाओं का समर्थन करता है और उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है, वह भविष्य की पीढ़ियों को अधिक मजबूत और स्वस्थ बनाता है। जब महिलाएं सशक्त और मानसिक रूप से समर्थित होती हैं, तो परिवार फलते-फूलते हैं, समुदाय मजबूत होते हैं और समाज अधिक करुणा और लचीलेपन के साथ आगे बढ़ता है।

**लेखिका-असिस्टेंट प्रोफेसर, अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग , वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उत्तर प्रदेश।**

# शिक्षाजगत की विस्मृत नायिकाएं पुस्तक का किया गया विमोचन



पीडीडीयू नगर(चंदौली), 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को कुलपति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा ह्यशिक्षाजगत की विस्मृत नायिकाएंह्न पुस्तक का विमोचन किया गया।उक्त पुस्तक के लेखन के लिए कुलपति ने दोनों महिला लेखिकाओं को शुभकामनाएं दीं।

शनिवार को विश्वविद्यालय स्थित कुलपति कार्यालय में एक सादे समारोह में कुलपति प्रोफेसर आनन्द कुमार त्यागी ने विश्वविद्यालय की शिक्षाशास्त्र विभाग में शाधार्थिनी डॉ रीता यादव व शिखा राय द्वारा लिखित पुस्तक ह्यशिक्षाजगत की विस्मृत नायिकाएंह्नका विमोचन किया।इस अवसर पर कुलपति ने दोनों महिला लेखिका को शुभकामनाएं दी और कहा कि शिक्षा पाकर लोगों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाने वाली महिलाएँ जिन्हें समाज ने किन्हीं कारणोंवश विस्मृत कर दिया आप दोनों लेखिकाओं द्वारा उन्हें पुनःजीवंत कर दिया गया है।पुस्तक में जिन महिलाओं को उनके शैक्षिक कार्यों के लिए रेखांकित किया गया वह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस पुस्तक में जिन महिलाओं को स्थान मिला है उनके ऊपर और भी गहन अध्ययन करके लेखन होना चाहिए ताकि उन महिलाओं के किए गए कार्यों से शिक्षा जगत को मजबूत मिल सके।इस मौके पर दोनों लेखिका के गाइड व पूर्व विभागाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विभाग डॉ(प्रो)शैलेन्द्र वर्मा भी मौजूद रहे जिनके संरक्षण में पुस्तक लेखन का कार्य हुआ। उन्होंने दोनों लेखिका को बधाईयां देते हुए कहा कि यह पुस्तक उन महिलाओं के अकादमिक योगदान को रेखांकित करती है जिनको पुरुष प्रधान समाज ने वह स्थान नहीं दिया,जिसकी वे हकदार थीं।उन्होंने दोनों महिला लेखिका से लेखनकार्य को जारी रखने की बात कही,चन्दौली जनपद कै दीनदयाल उपाध्याय नगर की निवासिनी डॉ रीता यादव ने बताया कि इस पुस्तक को अपनी शोधाथिनी मित्र श्रीमती शिखा राय के साथ लिखा है।इस पुस्तक को लिखने में गाइड डै शैलेन्द्र वर्मा के निर्देशन में काफी अध्ययन किया गया। तत्पश्चात पुस्तक पूरी हो सकी

।पुस्तक लेखन में कई महिलाओं ने काफी प्रभावित किया।उक्त पुस्तक तमाम स्थानीय पुस्तक विक्रेताओं व ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है।इस मौके पर चीफ प्राक्टर प्रो के के सिंह, शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो रमाकान्त सिंह समेत कई शिक्षक व शोध छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।दोनों महिला लेखिकाओं को लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय नगर के पूर्व प्राचार्य डॉ अनिल यादव ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं।

## 58 नशेबाजी करने वालों के विरुद्ध की गई कार्रवाई



पीडीडीयू नगर(चंदौली), 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी पीयूष मोर्डिया,वैभव कृष्ण पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी द्वारा निर्गत निदेशों के अनुपालन में आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक चन्दौली व अनन्त चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.)अपर पुलिस अधीक्षक सदर के निर्देशन,समस्त क्षेत्राधिकारीगण के कुशल मार्गदर्शन में समस्त थानो द्वारा चन्दौली में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने, अराजकता फैलाने, जुआ खेलने, स्टंट दिखाने, छेड़खानी करने वालों व अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कार्यवाही की गई। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संवेदनशील जगह चिह्नित कर पुलिस ने उपरोक्त प्रकार के व्यक्ति पर कार्यवाही की गई। चन्दौली पुलिस ऐसे लोगों के विरुद्ध मात्र कार्यवाही ही नहीं कर रही बल्कि ऐसे सभी लोगों को मादक पदार्थों/शराब के सेवन से होने वाले आर्थिक व शारीरिक हानि के साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठा व परिवार के सदस्यों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा तथा आगे से मादक पदार्थों का सेवन न करने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।यह अभियान निरन्तर पूरे जनपद में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 06.03.2026 को जनपद के समस्त थानों द्वारा धारा 292 बीएनएस के तहत कुल 58 शराबियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जनपदस्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस



पीडीडीयू नगर(चंदौली), 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। सरकार के मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिले के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग व पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की अध्यक्षता में पीडीडीयू नगर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों को समय से निस्तारण करने के निर्देश दिया कहा निस्तारण के समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाय। साथ ही निर्विवाद वरासत सहित अन्य मामले को तत्काल सुलझाने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 65 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें मौके पर 07 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया तथा 13 पर पुलिस तथा राजस्व की संयुक्त टीम को स्थलीय निरीक्षण कर समस्या के निस्तारण हेतु भेजा गया।साथ ही शेष जो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय सीमा में करने को संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है ।उन्होंने बताया कि अधिकांश शिकायतें भूमि,विकास विभाग, सिंचाई विभाग , विद्युत विभाग एवं पुलिस संबंधित मामले की रही है।जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आए हुए प्रत्येक व्यक्तियों की समस्याओं को सुने एवं उनका निस्तारण करें।उन्होंने बताया कि सभी शिकायतों को दूर करने के लिए एक समय सीमा निर्धारित है,इसके तहत विभाग को उसे समय सीमा के अंदर समस्या का समाधान करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा आईजीआरएस के माध्यम से भी शिकायतों की निस्तारण प्राथमिकता पर रखें।जनता की समस्याओं का त्वरित और धरातलीय निस्तारण हो,ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटना न पड़ें।उप जिलाधिकारी को तीन से अधिक के लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता पर रखते हुए निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होंने कहा ही उप जिलाधिकारी या तहसीलदार स्तर के जितने भी तीन वर्ष के पुराने प्रकरण है उनका निस्तारण अतिशीघ्र किया जाना सुनिश्चित हो।इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी वाई के राय,डीसी मनरेगा,उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्रा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला खाद्य विपड़न अधिकारी,जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, तहसीलदार ,नायब तहसीलदार,खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने हलिया थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



मीरजापुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा थाना हलिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।इस दौरान थाना कार्यालय, परिसर, साइबर हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, कम्प्यूटर कक्ष, जनशिकायत डेस्क, हवालात, शौचालय, पेयजल व्यवस्था इत्यादि की समीक्षा की गयी तथा कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों को चेक किया गया और सम्बन्धित को अभिलेखीय प्रविष्टियों को अद्यावधिक रखने, थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ विनम्रता पूर्ण व्यवहार करते हुए उनकी समस्या सुनकर समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, थाना परिसर में निरूद्ध माल मुकदमाती वाहनों के उचित रख-रखाव, बैरक, भोजनालय आदि का जायजा लेकर साफ-सफाई बनाये रखने, क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, कस्बों आदि स्थानों पर नियमित रूप से पैदल गश्त करते हुए सतर्क दृष्टि रखने, रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये ।






## विंध्याचल के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल जल योजना पूरी तरह से फेल

मीरजापुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। विंध्याचल के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल जल योजना पूरी तरह से फेल हो गई है। पिछले कई सालों से पाइपलाइन तो बिछा दी गई, लेकिन उस पाइप लाइन में पानी आज तक नहीं पहुंचा है। भवानीपुर, छोटकी मौउहरी केवटान, भवानीपुर जैसे आधा दर्जन गांवों में यह समस्या है ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने के बाद भी पानी नहीं आ रहा है, जिससे उन्हें पीने के पानी की समस्या हो रही है। गर्मी का मौसम आने वाला है, ऐसे में लोगों को पानी की समस्या और भी बढ़ सकती है। इस योजना के तहत सरकार ने हर घर में नल से शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 15 दिसंबर 2025 तक की समय सीमा तय की है। लेकिन अभी तक कई गांवों में यह योजना पूरी तरह से लागू नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस योजना के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति और बंदरबांट हुई है। उनका कहना है कि बिना काम पूरा किए ही ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया है।

## अपर जिलाधिकारी ने गेस्ट हाउस ज्ञानपुर का किया निरीक्षण , 15 दिन में हैंडओवर के निर्देश



भदोही, , 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। जनपद भदोही के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने शनिवार को ज्ञानपुर स्थित निमार्णाधीन गेस्ट हाउस का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था लोक निर्माण को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने पाया कि गेस्ट हाउस के कई कार्य अभी अधूरे हैं तथा कार्य की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य जनपद की प्रशासनिक आवश्यकता से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गेस्ट हाउस के सभी लंबित कार्यों को अधिकतम 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर भवन को हैंडओवर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कार्य मानक के अनुसार ही कराए जाएं। उन्होंने कार्यदायी संस्था और संबंधित विभागों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेस्ट हाउस परिसर में साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, जलापूर्ति, फिनिशिंग कार्य तथा अन्य सुविधाओं की स्थिति की भी जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

## शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस



मीरजापुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। शासन के मंशुानरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियो की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 79 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 05 प्रार्थना पत्रों को निस्तारित करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियो को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई जाती है तो सम्बन्धित अधिकारियो के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने उप जिलाधिकारी लालगंज को निर्देशित करते हुए कहा कि एक शिकायत को लेकर बार-बारे आने वाले ऐसे शिकायत से स्वंय वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करे ताकि एक ही शिकायत को लेकर शिकायर्ता को भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि जमीन विवाद के मामलो में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमे मौके जाते हुए दोनो पक्षो की उपस्थिति में उनके विवाद के कारण को सुनते हुए यथोचित न्याय उन्हें प्रदान करें। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओ में कब्जा किए गए चकरोड के मामले व ग्राम सभाओ की जमीन आदि पर किए गए कब्जे को फसल कटने उपरान्त अतिक्रमण से मुक्त कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित करते हुए गर्मी को देखते हुए हर घर नल से जल योजना के अन्तर्गत शत प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित कराए यदि कहीं कोई खराबी हो तो उसे तत्काल दुरूस्त करा लिया जाए।

अधिशासी अभियंता विद्युत को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि गलत बिल में सुधार सहित अन्य आ रही जनता की शिकायतो को प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कितनी क्षमता का ट्रांसफार्मर कहा पर लगा हुआ है उसकी सूची बनाकर रखे ताकि निकट भविष्य ट्रांसफार्मरो में कोई खराबी है तो उसे समय रहते ठीक करा लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले फरियादियो के साथ मधुरता रखे।

## गोपीगंज में 9.45 लाख की लागत से पक्की नाली निर्माण का भूमि पूजन

गोपीगंज, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।। नगर के पश्चिम मोहल्ला वार्ड नंबर 24, 9 में नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जाने वाले पक्की नाली निर्माण कार्य का शनिवार को नारियल फोड़कर विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। जानकारी के अनुसार गल्ला मंडी में नाली निर्माण के बाद अब पश्चिम मोहल्ला में लगभग 9 लाख 45 हजार रुपये की लागत से 175 मीटर लंबी पक्की नाली का निर्माण कराया जाएगा। जो आगे चलकर इसे राजमार्ग के मुख्य नाले में जोड़ दिया जाएगा। लंबे समय से क्षेत्र के लोगों को जल निकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। नाली निर्माण होने से मोहल्ले के लोगों को काफी राहत मिलेगी। भूमि पूजन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि नगर के विकास के लिए पालिका लगातार कार्य कर रही है। जहां भी जल निकासी या सड़क जैसी समस्याएं हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से सभासद आनंद गुप्ता, मोहित उमर , इजहार खान, अचल श्रीवास्तव,पिंटू यादव,सहित पालिका के कर्मचारी तथा मोहल्ले के कई गणमान्य लोग और निवासी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-5.0 के तहत किया गया कार्यक्रमों का आयोजन



पीडीडीयू नगर(चंदौली), 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।उ०प्र० शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान(फेज-5.0) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा बाजारों,ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर महिलाओ/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया।महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के संबंध में संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर,181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला योजना,प्रदेश में स्थापित महिला शरणालय,शक्ति सदन व सखी निवास योजनाओं के बारे में बताया गया।साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानूनों यथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न(निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष), अधिनियम,2013, दहेज निषेध अधिनियम,1961 (संशांधित 1986) तथा गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध)अधिनियम, 1994 के प्रमुख प्रावधानों के बारे में आमजन को जागरूक किया गया।साथ ही थाना स्थानीय पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य,उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न



भदोही, , 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों, ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अध्यक्ष महोदय ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित बैंकों को सी0एम0 युवा , पी0एम0 सूर्य घर तथा स्वयं सहायता समूह में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना एवं रत्ऋ योजनाओं की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध ऋण स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित किया जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय के साथ साथ ,अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अमित कुमार गुप्ता जी, पी0ओ0 नेडा श्री तुषार राय जी,ऋट उऌ दया शंकर सरोज जी,ठफछट उऌ श्री अनुराग राय जी तथा विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवं शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग व रामपुर घाट मार्ग पर सड़क हादसे मे बाइक सवार तीन घायल

गोपीगंज, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगीगंज बाजार व रामपुर घाट मार्ग पर शनिवार को अलग अलग हुई सड़क दुर्घटना बाइक सवार अजमत 25 वर्ष निवासी रजपुरा नीरज 30 वर्ष खन्ना पुर भदोही तथा रुपेश 35 वर्ष निवासी कोइरौना घायल हो गए, प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया' रजपुरा भदोही निवासी हारुन का पुत्र अजमत व खन्नापुर सिविल लाइन भदोही निवासी नीरज 30 बाइक से भदोही लौट रहे थे रास्ते मे जगीगंज के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से डिवाइडर से टकरा जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, दूसरी घटना गोपीगंज रामपुर गंगा घाट मार्ग पर रामपुर कायस्थान के पास हुई जहा नीलगाय से बचने के प्रयास में रुपेश कुमार घायल हो गए, कोइरौना निवासी रुपेश लगन मे काम करने जा रहे थे।घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया जहा से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया।

## नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का अभिनन्दन समारोह




मीरजापुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी / जिला प्रवक्ता ज्ञान प्रकाश दूबे बताया कि भाजपा संगठन के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज का मीरजापुर में आगमन गोपीगंज मार्ग हनुमान नगर से हुआ । तदोपरांत हनुमान नगर में पार्टी के संगठन पदाधिकारीगणों एवं जनप्रतिनिधिगणों द्वारा हजारों कार्यकताओं के साथ जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया । तत्पश्चात नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का काफिला हनुमान नगर से होते हुए तिलठी, चिल्ह तिराहे पर भी कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। आगे शास्त्री सेतु पर भी भव्य स्वागत हुआ । काफिला आगे नटवा तिराहा, अटल चौराहा ( अमरावती चौराहा ) पर अटल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आगे बंगाली चौराहा होते हुए बरतर तिराहा, कंतित, दुधनाथ तिराहा, लोहिया तालाब, पक्का पुल, इमामबाड़ा, लालडिग्गी चौराहा निकट शक्ति होटल पं0 दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किये तथा नगर कार्यकताओं द्वारा पुनः जोरदार स्वागत कियागया । तत्पश्चात गनेशगंज तिराहा, सब्जी मण्डी होते हुए मुकेरी बाजार डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

## शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये सुनिश्चित-सीडीओ

सिंगरौली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में मार्च महीने प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस राबट्र्सगंज में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, उप जिलाधिकारी राबट्र्सगंज उत्कर्ष द्विवेदी आदि ने 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 05 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबट्र्सगंज में कुल 11 मामले निस्तारित हुए, बाकी 68 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार सदर अमित कुमार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। ओबरा में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0), उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, तहसीलदार ओबरा आदि ने 37 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये, 02 टीम क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण का निस्तारण किया गया, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 05 मामले निस्तारित हुए, बाकी 32 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। घोरावल में उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी व तहसीलदार घोरावल प्रवीण कुमार आदि ने 49 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये, 02 टीम क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण का निस्तारण किया गया, इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 08 मामले निस्तारित हुए, बाकी 41 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

दुद्धी में उप जिलाधिकारी निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी निखिल यादव, तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी आदि ने 25 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 23 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित होंगे डॉ. बृजेश महादेव

सिंगरौली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। बेसिक शिक्षा विभाग के नवाचारी शिक्षक एवं समाजसेवी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ह्लमहादेवह्न का चयन ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवॉर्ड 2026 के लिए किया गया है। यह सम्मान भव्य फाउंडेशन, जयपुर (राजस्थान) द्वारा आयोजित ग्लोबल डायमंड आइकन अवॉर्ड एवं अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन के अवसर पर 5 अप्रैल 2026 को प्रदान किया जाएगा। फाउंडेशन की निदेशक डॉ. निशा माथुर व संस्थापक शैलेंद्र माथुर ने ई-मेल के माध्यम से डां बृजेश महादेव के चयन की जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में देश-विदेश के कई विशिष्ट अतिथि, शिक्षाविद् तथा मंत्रीगण उपस्थित रहेंगे। सोनभद्र जनपद के निवासी डॉ. बृजेश महादेव, जो वर्तमान में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां में सहायक अध्यापक तथा ब्लॉक स्काउट मास्टर नगवां के रूप में कार्यरत हैं, को यह सम्मान शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा के क्षेत्र में दीर्घकालीन योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जा रहा है। डॉ. बृजेश महादेव एक प्रख्यात शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। प्रारंभ से ही वे शिक्षा, समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहे हैं। उनकी शैक्षणिक रुचि शोध, नवाचार और समाजोपयोगी ज्ञान के विकास की ओर केंद्रित रही है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान केवल कक्षा शिक्षण तक सीमित न रहकर शैक्षिक संस्थानों के विकास, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान तक विस्तृत है।



उन्हें शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से भी सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें प्रमुख हैंकृ एशियन एजुकेशन अवॉर्ड, नेशनल बिल्डर्स अवॉर्ड तथा राज्य आईसीटी अवॉर्ड। वे एक सक्रिय स्काउट मास्टर के रूप में भी विशिष्ट सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। डॉ. बृजेश महादेव ने समाज के शैक्षिक और बौद्धिक विकास के लिए एक दर्जन से अधिक विद्यालयों एवं पुस्तकालयों की स्थापना और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही उनके द्वारा एक दर्जन से अधिक पुस्तकों का लेखन व प्रकाशन भी किया गया है।जो शिक्षा, समाज और विचार-जगत में उपयोगी सिद्ध हो रही हैं।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर आये 224 शिकायत पत्रों में से 29 का किया गया निस्तारण

गाजीपुर , 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में अविनाश कुमार, की अध्यक्षता में तहसील सभागार मे सम्पन्न हुआ। जिसमे 43 शिकायत/ प्रार्थना प्राप्त हुए मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 224 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 29 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 35 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 18 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। सेवराई तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 28 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मैके पर 03 का निस्तारण किया गया। तहसील



जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 39 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 03 निस्तारण किया गया। तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 03 का निस्तारण किया गया एवं तहसील मुहम्मदाबाद में तहसीलदार की अध्यक्षता में 39 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आम जनमानस की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कुछ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया तथा शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद और आपसी विवाद एक ही विषय से सम्बन्धित होते है इसलिए राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विवादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। तहसील के समस्त लेखपालों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता की छोटी-छोटी समस्याएँ जिनका तत्काल निस्तारण किया जा सकता है। उसके लिए किसी व्यक्ति को परेशान न किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, उपजिलाधिकारी सदर रविश गुप्ता, तहसीलदार सदर, क्षेत्राधिकारी सदर एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन

सिंगरौली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। एनटीपीसी विंध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया, जिसमें महिला कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में कार्यरत महिलाओं के योगदान को दर्शाने वाला एक लघु वीडियो प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अरुणिमा पात्रा, फाउंडर डायरेक्टर, तन्वी कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रा. लि. एवं राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर का प्रेरक सत्र रहा। उन्होंने महिला कर्मचारियों के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता, वित्तीय जागरूकता और नेतृत्व विकास पर एक रोचक एवं उपयोगी सत्र लिया। मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान ह्लशक्ति वॉक द रुशी लिड्स भारतह्व के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने अपने संबोधन में महिलाओं के समर्पण और नेतृत्व की सराहना की तथा ओएनजीसी और सेल जैसे संगठनों के उदाहरण देते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम मेंएम. सुरेश, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम),एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा), देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ एवं परियोजना), रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) तथा डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अरुणिमा पात्रा तथा सभी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) और अनम खान, ऑफिसर (मानव संसाधन) ने किया तथा आरएलआई, टीएडी और आईटी विभाग के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की कांपियो का मूल्यांकन 18मार्च से

गाजीपुर , 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2026 की परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन 18 मार्च से कुल पांच मूल्यांकन केन्द्रों पर शुरू होगा। उक्त जानकारी परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेजें गए निर्देश में दी गई है। जिले में जिन पांच विद्यालयों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है उनमें राजकीय सिटी इंटर कालेज गाजीपुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज गाजीपुर, शिवपूजन इंटर कालेज मलसा, शहीद स्मारक इंटर कालेज नंदगंज और अष्ट शहीद इंटर कालेज मुहम्मदाबाद शामिल हैं। इन केन्द्रों में से राजकीय सिटी इंटर कालेज गाजीपुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज गाजीपुर और शिवपूजन इंटर कॉलेज मलसा के मूल्यांकन केंद्र पर इंटरमीडिएट की कापियां जांची जाएगी। जबकि शहीद स्मारक इंटर कालेज नंदगंज और अष्ट शहीद इंटर कालेज मुहम्मदाबाद में हाई स्कूल की कापियों का मूल्यांकन होगा। मूल्यांकन केन्द्रों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक गाजीपुर को भी प्राप्त हो चुकी है।

## सिंगरौली नगर निगम में बजट को लेकर महापौर रानी अग्रवाल नाराज, आयुक्त को कई बार लिख चुकीं हैं पत्र



सिंगरौली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। नगर निगम सिंगरौली में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तुत करने में हो रही देरी को लेकर महापौर रानी अग्रवाल ने नाराजगी जताई है। महापौर ने नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट को लेकर उन्होंने कई बार पत्र लिखा, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

महापौर रानी अग्रवाल ने बताया कि 2 फरवरी, 16 फरवरी और 27 फरवरी को नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर बजट तैयार कर प्रस्तुत करने की मांग की गई थी, लेकिन मार्च माह शुरू होने के बाद भी बजट पेश नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि बजट के अभाव में महापौर परिषद की बैठक और नगर परिषद की बैठक प्रभावित हो सकती है।

महापौर ने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम में आयोजित समीक्षा बैठक की जानकारी भी उन्हें नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि जब उपस्थिति में नगर निगम में बैठक आयोजित की गई, तो महापौर को इसकी सूचना देना आवश्यक था। उन्होंने इसे प्रशासनिक मयार्दा के विरुद्ध बताते हुए कहा कि इस प्रकार बैठक आयोजित करने का कोई औचित्य नहीं है। महापौर रानी अग्रवाल ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार संपत्ति कर को लेकर भी नगर निगम में बैठक आयोजित की गई, जिसकी जानकारी भी उन्हें नहीं दी गई। जबकि संपत्ति कर के संबंध में पहले भी दो बार बैठक निरस्त की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि दो बार पत्राचार के माध्यम से नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान को जानकारी देने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई उत्तर तक प्राप्त नहीं हुआ। महापौर ने आरोप लगाया कि नगर निगम आयुक्त की ओर से इस मामले में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, जिससे नगर निगम की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है।

## सोनभद्र की समूह महिलाओं को राज्यपाल ने राजभवन में आमंत्रित किया



सोनभद्र, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। जनपद सोनभद्र में सोया मिल्क, पनीर उत्पादन का कार्य करने वाली समूह की महिलाओं को महिला रविवार के शुभ अवसर पर राज्यपाल द्वारा राज भवन में आमंत्रित किया गया है।

इन महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर 10 महिलाओं को राजभवन लखनऊ के लिए रवाना किया। यह पहला मौका है जब जनपद सोनभद्र के समूह की महिलाओं को राजभवन में आमंत्रित किया गया है, जिससे न केवल महिलाओं के विकास के लिए नया मार्ग प्रशस्त हो रहा है बल्कि उन्हें आमदनी के साथ-साथ सम्मान भी प्राप्त हो रहा है।

जिलाधिकारी बद्रीनाथ के मार्गदर्शन में यह महिलाएं राजभवन जा रही हैं।

सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी गई हैं। महिलाओं को राजभवन जाने की सारी व्यवस्था एनआरएलएम विभाग द्वारा की गई है। इस मौके पर सरिता सिंह उपायुक्त स्वत सोजगार, डीएमएम एम जी रवि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

सोनभद्र, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के अध्यक्ष सांसद छोटेलाल खरवार की अध्यक्षता में शकनवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की गयी। बैठक में दिशा समिति की पूर्व बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या पर चर्चा की गयी। सांसद द्वारा सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि विभागों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए मिलने वाली धनराशि, क्या काम कराया गया और कितना व्यय किया गया, इसकी सूचना जनप्रतिनिधिगण को दी जाय। विकास कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मानक समय सीमा निर्धारित की जाय तथा उसी अवधि में कार्य पूर्ण कराया जाय। यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है तो उसका कारण बताया जाय। बैठक में समस्त संबंधित अधिकारीगण की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय, जिससे आम जनता से प्राप्त होने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान पर चर्चा की जा सके। इसके अतिरिक्त जन प्रतिनिधियों जैसे विधायकगण, प्रमुखगण आदि भी उपस्थित हों जिससे इस समिति के माध्यम से जनता की समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान कराया जा सके।

सांसद द्वारा पटवध से बसुहारी सम्पर्क मार्ग के अभी तक पूर्ण नहीं हो सकने पर चिन्ता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि उस सम्पर्क मार्ग को यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय। सम्पर्क मार्ग के निर्माण से उस क्षेत्र के ग्रामीणों को बहुत राहत मिलेगी। यदि कोई समस्या है तो सम्बन्धित विभाग समन्वय कर समाधान निकालें। अध्यक्षा नगर पालिका परिषद द्वारा बताया गया कि नगर विभिन्न स्थानों पर



बिजली के तार एवं खम्भे जर्जर हो गये हैं। उन्हें तत्काल ठीक कराया जाय। इसके अतिरिक्त जो ग्राम नगर पालिका परिषद में शामिल हुए हैं उनमें विद्युतीकरण एवं पेयजल हेतु कनेक्शन की व्यवस्था की जाय। समिति के नामित सदस्य द्वारा बताया गया कि अभी भी नगवां क्षेत्र के कुछ इलाकों में मोबाइल टावर काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण संकट के समय ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है। एस०डी०ओ० दूरसंचार द्वारा अवगत कराया गया कि समस्या का समाधान कराया जा रहा है और इसके लिए विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। सांसद द्वारा निर्देशित किया गया कि उन्हें भी सूचित किया जाय जिससे उनके स्तर से भी समस्या के समाधान हेतु प्रयास किया जा सके। किन्तु उसे विभाग द्वारा ठीक नहीं कराया गया है। विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तत्काल इसे ठीक करायें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी गावों में लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो।

सांसद द्वारा लोढ़ी में टोल प्लाजा के संबंध में निर्देशित किया गया कि टोल प्लाजा के कारण आये दिन जाम लगता रहता है जिसके कारण आम जनमानस को परेशानी होती है। इसके लिए ट्रकों के लिए अलग लेन तथा आम जनमानस एवं एम्बुलेन्स आदि के लिए अलग लेन बनायी जाय। रात में अक्सर गाड़ियों की लाइन लग जाती है जिसके रोका जाय। नामित सदस्य रामनिहोर द्वारा अनपरा में निर्मित 100 बेड के अस्पताल को सही तरीके से संचालित कराये जाने एवं उस अस्पताल में पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की मांग की गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने डाक्टरों एवं अन्य स्टाफ की कमी की बात बतायी। सांसद द्वारा निर्देशित किया गया कि उन्हें इसके लिए शासन को लिखे गये पत्र की प्रति उपलब्ध करायी जाय जिससे वे अपने स्तर से प्रयास कर सकें। विकास खण्ड बभनी एवं म्योरपुर में चिकित्सा व्यवस्था को और दुरुस्त कराये जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत राधिका पटेल, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, ब्लाक प्रमुख म्योरपुर मानसिंह गौड़, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण व कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहें।

## एनएच-39 देवसर रोड बना खलिहान, सड़क पर सूख रहा अनाज, हादसे का खतरा बढ़ा

सिंगरौली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिले के देवसर मार्ग का इन दिनों अजीब हाल देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही ग्रामीणों ने अनाज सुखाने के लिए सड़क को खलिहान बना दिया है। सड़क पर बड़ी मात्रा में फैले अनाज के कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार देवसर मार्ग पर कई स्थानों पर किसान सड़क के बीचों-बीच धान और अन्य अनाज फैला कर सुखा रहे हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और वाहनों के निकलने में दिक्कत होती है। तेज रफ्तार वाहन चालकों को अचानक सामने अनाज फैला होने के कारण ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। राहगीरों का कहना है कि दिन के समय तो वाहन चालक किसी तरह सावधानी बरतकर निकल जाते हैं, लेकिन रात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। अंधेरे में सड़क पर फैला अनाज दिखाई नहीं देता, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस तरह अनाज सुखाने पर रोक लगाई जाए और किसानों को इसके लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि सड़क पर आवागमन सुरक्षित बना रहे।

## सुमित कुमार शाह ने यूपीएससी में हासिल की 746वीं रैंक, सिंगरौली जिले का बढ़ाया गौरव

सिंगरौली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। देवसर विधानसभा क्षेत्र के होनहार युवक सुमित कुमार शाह ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग में



746वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार, क्षेत्र और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। सुमित कुमार शाह, विष्णु प्रसाद शाह के सुपुत्र हैं। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया। परिजन, मित्र और शुभचिंतक लगातार उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।सुमित की इस उपलब्धि को देवसर क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर यह सफलता हासिल की है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि सुमित शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और उन्होंने अनुशासन के साथ निरंतर तैयारी की। इसी का परिणाम है कि उन्होंने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में सफलता प्राप्त की है।सुमित की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। सभी का कहना है कि उनकी इस सफलता से देवसर सहित पूरे सिंगरौली जिले का मान बढ़ा है और क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## भाजपा की सरकार अब सर्कस वाली सरकार बन चुकी है-कमलेश्वर पटेल

सिंगरौली, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार अब सर्कस वाली सरकार बन चुकी है, जहां शासन और प्रशासन में समन्वय की कमी साफ दिखाई दे रही है। सिंगरौली में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कमलेश्वर पटेल ने कहा कि प्रदेश में शासन-प्रशासन की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। सरकार जनता की मूल समस्याओं से ध्यान हटाने का प्रयास कर रही है, जबकि आम लोग महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं है। प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई और रोजगार की कमी से युवा वर्ग परेशान है, वहीं किसानों को भी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।कमलेश्वर पटेल ने कहा कि सरकार के विभिन्न विभागों के निर्णयों और बयानों में भी तालमेल नहीं दिखाई दे रहा है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल दिखावे की राजनीति कर रही है और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी और प्रदेश में बढ़ रही जनसमस्याओं को लेकर सरकार को घेरने का काम करेगी।इस अवसर पर प्रेस वार्ता में कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## भव्य होली मिलन, सुंदरकांड पाठ व सांस्कृतिक कार्यक्रम से गूंजा माहौल

भांवरकोल/गाजीपुर , 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। थाना परिसर में शुक्रवार की शाम पहली बार भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा, संस्कृति और आपसी सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत शिव मंदिर में विधिवत सुंदरकांड पाठ से हुई। थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय की पहल पर शिव मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सुधाकर पांडेय ने भगवान शिव को पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगीत एक साधना है और इसमें सफलता उसी को मिलती है, जिस पर वीणावादिनी मां सरस्वती की कृपा होती है। यह सौभाग्य विरले लोगों को ही प्राप्त होता है।होली मिलन समारोह में आमघाट निवासी युवा कलाकार कल्पनाथ यादव ने अपनी मधुर गायकी और संगीतमय प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।उनके सुर-ताल की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की।सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत कर पूरे माहौल को रंग, उमंग और उत्साह से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे पर गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा कर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया तथा एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। अंत में सामूहिक भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सुधाकर पांडेय, थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय, एसओ करीमुद्दीनपुर रमेश कुमार पटेल, एसओ नरहीं वीरेंद्र सिंह सहित अन्य उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। साथ ही अवधेश पांडेय उर्फ पप्पू, प्रधान संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष आकाश राय (राजन), ग्राम प्रधान फैसल अंसारी, दुर्गा प्रसाद राय समेत कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## लापता किशोरी की संगिदग्ध अवस्था में मिली लाश

जौनपुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के मयारी गांव स्थित घर से निकली किशोरी की लाश संदिग्ध अवस्था में लापता होने के चैथे दिन शनिवार की सुबह घर से पांच किलोमीटर दूर नहर की झाड़ में फंसी लाष मिली। इसके बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। सरपतहा पुलिस मामले में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर परिजनों संग तलाश में जुटी रही। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव 15 वर्षीय निवासिनी गोल्डी पुत्री राम अचल किसी बात पर क्षुब्ध होकर बुधवार पूर्वाह्न घर से निकल गयी थी।घर से निकलने के बाद दो सौ मीटर की दूरी से गुजरी शारदा नहर की पुलिया पर उसके बैठे देखे जाने की बात के साथ ही नहर में छलांग लगाने की आशंका जताई जा रही थी।

## 5000 विद्यार्थियों को खेल-कूद सामग्री वितरण

जौनपुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। बदलापुर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय शाहपुरसानी में 5000 विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शिक्षण एवं खेल-कूद सामग्री वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद एवं अभिनेता मनोज तिवारी, कार्यक्रम अध्यक्ष/विशिष्ट अतिथि पूर्व गृहराज्य मंत्री महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह, विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र तथा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह सहित अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांसद तिवारी ने कहा कि उन्हे हर्ष की अनूभति हो रही है क्योंकि इसी पावन धरती पर उन्हें नई पहचान मिली थी। कार्यक्रम में बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यही बच्चे देश का भविष्य हैं जितने अधिक बच्चे शिक्षित होंगे, आने वाला समाज उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने प्रत्येक बच्चे को आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दिया तथा पीली नदी के जीर्णोद्धार कार्य की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि बदलापुर विधानसभा क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। शासन के द्वारा बच्चों को बैग, जूता, मोजा, भोजन आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सामुदायिक सहभागिता और कम्पोजिट विद्यालय शाहपुरसानी के पुरातन छात्र रहे सतीश तिवारी द्वारा 5000 विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शिक्षण एवं खेल-कूद सामग्री वितरण सराहनीय है।

# विकसित भारत के लिए जरूरी है जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण

मऊ, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। उद्यान विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र पिलखी में जनपद के सभी विकास खण्डों से चयनित सौ किसानों का प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ प्रगतिशील कृषक वीरेंद्र नारायण सिंह, धनई सिंह, कोमल यादव, महेश मौर्या एवं चंद्रिका मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यशाला में ₹पर ड्रॉप मोर क्रॉप₹ माइक्रो इरिगेशन योजना में ड्रिप इरिगेशन, मिनी और पोर्टेबल स्प्रिंकलर की सिंचाई विधि के बारे में विस्तार से किसानों को अवगत कराया। कम लागत में अधिक मुनाफा की खेती कैसे की जाए और साथ ही साथ जल संरक्षण के साथ प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा कैसे किया जाए, इस बारे में किसानों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉक्टर विनय कुमार सिंह ने आम, अमरूद के बागों में ड्रिप सिंचाई के प्रयोग के साथ सभी कृषि और उद्यान फसलों में ड्रिप और स्प्रिंकलर के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ साथ 2047 तक विकसित भारत के साथ विकसित कृषि के उद्देश्य की पूर्ति, योजना से किए जाने के बारे में किसानों से योजना से जुड़ने की अपील की। डॉ. अंगद प्रसाद एवं डॉ. हिमांशु राय ने स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, साग भाजी फसलों में जल संरक्षण हेतु तथा उर्वरक एवं कृषि रक्षा रसायन के संतुलित मात्रा में ड्रिप/स्प्रिंकलर के माध्यम से प्रयोग करने से खेती में उत्पादन में बीस से तीस तक की वृद्धि एवं लगभग 25 से 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर लागत कम करने के बारे में जानकारी दी। जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त ने गन्ने की फसल में ड्रिप के प्रयोग से होने वाले आर्थिक बचत एवं शाकभाजी की सह फसली खेती करते हुए खेती को दोगुनी लाभकारी बनाने के लिए ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई से जुड़ने का आवाहन किया। योजना प्रभारी अरुण कुमार यादव ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रोइरिगेशन कार्यक्रम में 90 प्रतिशत तक अनुदान और योजना में पंजीकरण के साथ लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के सत्र में 100 किसानों के लिए एक वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया जिसमें किसानों को योजना से जुड़ी हुई जानकारी तथा योजना का लाभ वो कैसे लेंगे, इस बारे में बताया गया। इसके साथ ही ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई का कृषि विज्ञान केंद्र पर स्थापित सिस्टम चलवा कर लाइव प्रदर्शन दिखाया।



इसके पार्ट्स और प्रयोग किसान कैसे करेंगे, इन सब के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही पूरे देश और प्रदेश में जल संरक्षण का जो अभियान चल रहा है, इसमें हम अपनी योजना के माध्यम से कैसे सहयोग कर सकते हैं, इसके बारे में किसानों को समझाया गया। इस अवसर पर निमार्ता कंपनियों के प्रतिनिधि और इंजीनियर पंकज यादव, संजय कुमार सिंह, सूरज वर्मा ने विभिन्न कंपनियों द्वारा जनपद में कृषक प्रक्षेत्र पर कार्यक्रम कराए जाने हेतु अपने नंबर साझा करते हुए योजना से जुड़कर लाभ लेने का अनुरोध किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यान निरीक्षक अरुण कुमार यादव, विकासखंड प्रभारी चंद्रभान, सुनील कुमार गुप्त, बालजीत, राजकुमार, अमरनाथ यादव, जोगेंद्र यादव सहित कृषक उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 41 आवेदन आए, तीन का मौके पर निस्तारण

## तहसील घोसी मे एडीएम ने की जनसुनवाई

घोसी (मऊ), 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। स्थानीय तहसील के सभागार में शनिवार को अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित अधिकारियों के समक्ष क्षेत्र से आये 41 फरियादियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की।जिसमें मौके पर तीन ही समस्याओं का समाधान हो सका। संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया गया।

घोसी तहसील के सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह एवं एसडीएम अशोक कुमार सिंह के समक्ष मदापुर समसपुर होलीपुर गांव निवासी रामनरेश ने आबादी की भूमि में वर्ष 2010 में मनरेगा से खोदे गए पोखरी को अवैध कब्जा करने जल निकासी की समस्या को प्रस्तुत किया।भटौली मलिक गांव निवासी रीता ने शिकायत किया कि ग्राम सभा नदवल में बैनामा की भूमि पर नहर / सिचाई विभाग अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहा है ।जबकि नहर विभाग द्वारा 40 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की गई है और 51 हेक्टेयर अवशेष है।जिसको पत्थर नसब कराकर सीमांकन किया गया ।जब निर्माण कराने जा रही है तो सिंचाई विभाग द्वारा रोका जा रहा है।जिसपर एसडीएम ने एसडीएम को जांच कर निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया है।वही बीजपुरा गांव निवासी रामनाथ ने शिकायत किया कि मेरे पिता जवाहिर के दो पुत्र रामनाथ एवं शिवनाथ हैं।उनकी मृत्यु हो गई है।तो चौथी पुत्र हीरा वारिश बनना चाह रहा है।जिसे एसडीएम को निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया। इटौरा डोरीपुर गांव निवासी सुभावती एवं बिंदु ने अलग अलग शिकायत किया कि मुख्यमंत्री आवास योजना की द्वितीय किस्त नहीं आ रही है,जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है।जमालपुर मिजार्पुर निवासी इकबाल अहमद एवं रजिया खातून ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की।जिनको त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए प्रेषित कर दिया गया।



एडीएम सत्यप्रिय सिंह ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहाकि आप सभी पीड़ितों की समस्याओं को मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों की बातों को सुनकर भौतिक सत्यापन करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाए।

एसडीएम अशोक कुमार सिंह ने राजस्वकर्मियों से कहाकि आज सबसे ज्यादा समस्याएं जमीन से जुड़ी प्राप्त हो रही है।जबकि आपके पास जमीन के एक एक कड़ी का हिसाब रहता है।इसलिए आप सभी अपने दायित्व को निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें।जिससे क्षेत्र के झगड़े समाप्त हो जाए और पीड़ितों को कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़े।इस अवसर पर एडीएम सत्यप्रिय सिंह ,उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा,अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार, रजिस्ट्रार कानूनगो सुधाकर,अरविंद कुमार पाण्डेय,आशीष वर्मा,राम आशीष सिंह, विवेक कुमार सिंह,शौरभ राय, गौरव राय आदि उपस्थित रहे।

# प्रेम मिलन का त्यौहार होली, तनाव को कम करते हुए स्फूर्तिवान बनाता है -वेद प्रकाश

घोसी (मऊ)। स्थानीय नगर के मझवारा मोड़ स्थित बीआरसी पर 'स्पर्श' होली मिलन समारोह शनिवार को सम्पन्न हुआ ।जिसमे आपसी भाईचारगी एवं बंधुत्व पर जोर दिया गया।मुख्य अतिथि ने शासन की शिक्षा संबंधी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को ईमानदारी से कार्य करने पर बल दिया ।आज जब आप के उपर जिम्मेदारिया कुछ बढ़ी हैं लेकिन हम जानते हैं कि आप सब कोई चुनौती आये उससे सकारात्मक रूप से हल करते हुए विभाग का नाम सदैव रोशन करते रहें हैं ।होली प्रेम मिलन का पर्व निश्चित रूप से आप सभी के तनाव को कम करेगा ,उन्होंने सभी को होली कि बधाई एंव शुभकामनाएं प्रेषित की । संतोष कुमार उपाध्याय ने कहा कि हमें अपने विभाग के लोगों पर गर्व है आप सब अच्छा कर रहें हैं और उम्मीद करते हैं कि भविष्य में और अच्छा करेंगें , उन्होंने सभी को होली की बधाई दी। बीईओ धर्मेंद्र कुमार नें सभी अतिथियों का स्वागत एंव सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक राजेश कुमार सिंह ने किया । किसी कार्यक्रम की सफलता उसके सहयोगियों की सक्रियता का परिणाम होती है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक नेता जनार्दन सिंह ने किया । कार्यक्रम में संगीत शिक्षक राजीव चौबे ,सुमित ,बृजेश गिरी ,गुलशन कुमार ,अनामिका सिंह, ओमप्रकाश चंद्रा , प्रभाष सिंह, पान मती आदी ने अपनी सुंदर रचना को स्वर दिया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में श्याम सुंदर पटेल बीई ओ बड़राव, सीडीपीओ राधेश्याम पाल,स्वामी नाथ राय ,राजेंद्र सिंह, प्रमोद पाण्डेय,जीवन सिंह, संजय कुमार ,रेनू पाण्डेय , दयाशंकर यादव,रामविलास भारती ,रामान्द यादव, रामकेर यादव ,राम सिंह ,राम इकबाल सिंह आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त सचिव बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन वेद प्रकाश राय, विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय नें वागदेवी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को औचारिक रूप से प्रारम्भ किया ।



# ईंट भट्ठा के मजदूर ने पारिवारिक कलह के चलते की आत्महत्या

दोहरीघाट (मऊ), 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। दोहरीघाट थाना क्षेत्र के फरसरा खुर्द स्थित ईंट-भट्ठा के मजदूर ने शुक्रवार की देर रात पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं मजदूर की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। झारखंड प्रदेश के थाना लातेहार निवासी 34 वर्षीय सुनील उरांव पुत्र राकेश उरांव कुछ दिनों पूर्व फरसरा खुर्द ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने आया था। उसकी दो शादी हुई है, पहली पत्नी संतोषी और दूसरी पत्नी बुदिया उरांव है। दोनों पत्नियों के बीच आए दिन कहा सुनी होती थी। इसको लेकर सुनील उरांव काफी परेशान रहता है। शुक्रवार की शाम भी किसी घरेलू बात को लेकर उसका विवाद हो गया। जिसके बाद वह देर रात ईंट भट्ठे के पास ही स्थित बगीचे में आम के पेड़ में गमछे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ समय बाद जब भट्ठे के मजदूरों ने आम के पेड़ से शव लटका देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। उपस्थित लोगों से पूछताछ कर शव को जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आठ माह से मनरेगा कर्मियों को नहीं मिला मानदेय, वीडीओ को सौंपा मांगपत्र



मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ), 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। विगत आठ माह से मनरेगा कर्मियों का मानदेय न मिलने से मनरेगा कर्मियों का परिवार भुखमरी की कगार पर है। काफी इंतजार और मशक्कत के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो शनिवार को मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक में दर्जनों मनरेगा कर्मियों ने म भुगतान के लिए जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी और मंडलायुक्त को संबोधित मांग पत्र खंड विकास अधिकारी कलाकार पांडेय को सौंपकर भुगतान की मांग किया। मांग पत्र देने वाले मनरेगा कर्मियों ने कहा कि सभी मनरेगा कर्मियों का मानदेय जुलाई 2025 से लंबित है। दीपावली, दशहरा और होली का प्रमुख त्यौहार बीत गया लेकिन किसी भी कर्मी को एक पैसे का भुगतान नहीं मिला। उनके परिवार के सामने समस्या है। कहा कि मानदेय भुगतान को लेकर विगत 23 फरवरी को लखनऊ में रोजगार गारंटी आयुक्त उत्तर प्रदेश से मिलकर उन्हें मांग पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कर्मियों का कहना है की मानदेय न मिलने से गांव में कंप्यूटर ऑपरेटर, रोजगार सेवक, कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य मनरेगा कर्मियों के सामने काफी समस्या है। खंड विकास अधिकारी कलाधर पांडेय ने मांग को संबंधित अधिकारियों को भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से विक्रम कुमार, शहंशाह आलम, शशि कला, सरोज, माया, ममता, चंदा सिंह, इंद्रजीत आदि सहित दर्जनों मनरेगा कर्मी शामिल रहे।

## 9 मार्च को राज्य महिला आयोग की सदस्या करेगी जनसुनवाई

मऊ, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से महिला जनसुनवाई की जानी है।उन्होंने बताया कि जनपद में जनसुनवाई / निरीक्षण हेतु गीता बिन्द सदस्य, राज्य महिला आयोग, नामित है। श्रीमती बिन्द दिनांक 09 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे से निरीक्षण भवन / गेस्ट हाऊस, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जनपद में जनसुनवाई करेगी।

## महिलाए राष्ट्र के विकास मे दे रहीं योगदान - कंचन तिवारी



मऊ, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।सिविल कोर्ट सेन्ट्रल बार एसोसिऐशन के पुस्तकालय भवन में अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को अधिवक्ता परिषद काशी की मऊ ईकाई की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि कंचन तिवारी व विशिष्ट अतिथि रेनू पाण्डेय विधि सहपरिवीक्षा अधिकारी का महिला अधिवक्ताओ ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि कंचन तिवारी सदस्य न्यायपीठ बाल कल्याण समिति ने कहा कि आज जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नही है जहां महिलाए राष्ट्र के विकास मे योगदान नही दे रही है। वैदिक काल मे भी भारतीय महिलाए गार्गी व अपाला आदि ने अपनी विद्यवता से सबको प्रभावित किया व भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में रानी लक्ष्मी बाई ,झलकारी बाई की वीरता की मिशाल कायम की। संगोष्ठी मे सीमा सिंह, शहरबानो गुड़िया, संजू मौर्या, प्रियंका राय आदि महिला अधिवक्ताओ ने अपनी विचार व्यक्त किया। अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ यादव ने संविधान निर्माण मे महिलाओ के योगदान पर प्रकाश डाला। सगोष्ठी में महामंत्री मनोज कुमार सिंह, विजय चौरसिया, गोरखनाथ, रूद्रा मिश्रा, अमरेश प्रजापति व निशान्त सिंह, नरेन्द्र प्रताप सुबोध, संजय तिवारी प्रमोद कुमार सिंह व अधिवक्ता परिषद काशी के प्रान्तीय कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र बहादुर सिंह के अलावा काफी संख्या मे अधिवक्तागण उपस्थित रहें।अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ यादव और संचालन निर्मला यादव ने किया।

# कलश यात्रा से के साथ शुभारम्भ हुआ रामचरित मानस पाठ



रसड़ा,बलिया,07मार्च,(देवव्रत संवाद)।भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ शनिवार को रामचरित मानस नवाहपरायण महा यज्ञ।महा यज्ञ पूर्व की भांति इस साल भी आज अनुष्ठान समिति एवं महंत कौशलेंद्र गिरी के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें नगर के संभ्रांत व्यक्ति महिला पुरुष बच्चे सभी शामिल रहे। रविवार से सुबह राम दरबार की लोग परिक्रमा करेंगे विद्वान रामचरितमानस का पाठ करेंगे और सायंकाल व्यास पीठ पर बैठे विद्वान प्रवचन सुनायेगें।विदित हो कि रामचरित मानस नवाह परायण पाठ एवं यज्ञ का आयोजन रामचरित मानस पाठक यज्ञ अनुष्ठान सत संग समिति ब्रह्मस्थान के आयोजको द्वारा कराया जा रहा है।यह आयोजन श्री नाथ मठ रसडा.के परिसर मे हो रहा है।

यह कार्यक्रम शनिवार से 16 मार्च दिन सोमवार तक चलेगा और मंगलवार को राम झांकी की शोभा यात्रा निकालने के बाद सम्पन्न होगा। रामचरित व यज्ञ अनुष्ठान सतसंघ समिति के देखरेख में आज कलश यात्रा से शुभारम्भ हुआ और 8 मार्च रविवार से सुबह रामायण पाठ व सांय 6 बजे से भजन व रामायण के मर्मग्य कथा वाचक व कथा वाचिका के मधुर वाणी से 16 मार्च तक राम कथा का रसपान का श्रवण रात्रि 11 बजे तक सुनाया जायेगा और 17 मार्च को राम झांकी शोभा यात्रा के बाद सम्पन्न हो जायेगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने तहसील मधुबन में की जनसुनवाई

मऊ, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र और पुलिस अधीक्षक इलामारन जी की अध्यक्षता में तहसील मधुबन में संपूर्ण समाधान का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 42 राजस्व विभाग की, 06 पुलिस विभाग, 03 विकास विभाग, 2 विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की शिकायतें थी। जनसुनवाई के दौरान 11 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया।

इसके अलावा 2 शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर भेजा गया। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग के अधिक शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।



इसके अलावा उन्होंने गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों का निस्तारण करने को कहा, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट रहे तथा बार-बार एक ही शिकायत के निस्तारण के लिए उसे भाग दौड़ न करनी पड़े। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को उन्हें प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकयतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में शामिल है। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लेते हुए उस पर कार्रवाई करें।

इस दौरान उप जिलाधिकारी मधुबन के अलावा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# समस्याओं का समाधान की शक्ति प्रदान करता है शिक्षा -रमेश सिंह



रसड़ा,बलिया,07मार्च,(देवव्रत संवाद)। शिक्षा जीवन की सभी समस्याओं के समाधान की कुंजी है। शिक्षा मानव का तृतीय नेत्र है जो सभी समस्याओं का समाधान की शक्ति प्रदान करता है। अभिभावक अपने पाल्यों को सुसंस्कारित शिक्षा का पूर्ण अवसर देकर उन्हें सुयोग्य नागरिक बनाने में सतत प्रयत्नशील रहें ताकि समाज व राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर निरंतर अग्रसर होता रहे। श्री बालाजी यशोदा कुंवर अर्जुन विद्यापीठ रसड़ा में शुक्रवार को एकेडमिक ऑनर डे में उत्कृष्ट मेधावियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक उमाशंकर सिंह के अनुज रमेश सिंह ने उपर्युक्त बातें कहीं। इसके पूर्व एकेडमिक ऑनर डे कार्यक्रम में अव्वल रहे विद्यालय के छात्र रुद्र आर्यन गुप्ता, रोहन शर्मा, अंशिका गुप्ता, प्रियांशु सिंह, दिव्यांशी चौहान, खुशी यादव, कृति राजभर, आदर्श चौहान, आराध्या राजभर, आरूष राजभर, नैंसी बरनवाल, अन्नपूर्णा सोनी, अंकिता मोदनवाल, शीतल कुमारी, जन्नत अली, विवेक राजभर, आदित्य राजभर, आलोक राजभर, अंशिका त्रिपाठी, निक्की साहनी, काव्या सिंह, प्रिशा सोनी, अलशिफा आदि प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि रमेश सिंह ने विद्यालय के प्रबंधक अर्जुन जायसवाल के साथ प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर उन्हें सम्मान से नवाजा। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, रणधीर सिंह, सुमित्रा, नाजिरा, संध्या, श्वेता, नाजनी, शाहनाज, आर्यता आदि उपस्थित रहे। संचालन अनुराग जायसवाल ने किया।

# ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ जनपद बलिया के तत्वाधान में भव्य होली मिलन एवं सम्मान




रतसर,बलिया,07मार्च,(देवव्रत संवाद)। ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ जनपद बलिया के तत्वाधान में भव्य होली मिलन एवं सम्मान समारोह रतसर जनऊपुर ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में जनऊपुर में इंजीनियर तारकेश्वर पाण्डेय के दरवाजे पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित एवं आरती के साथ हुआ कार्यक्रम में प्रख्यात कथा वाचक आचार्य रामकुमार शुक्ला एवं आचार्य वागीश शुक्ला के द्वारा तथा गीतकार पारस नादान एवं उनके सहयोगियों के द्वारा पारंपरिक होली गायन संपन्न हुआ जिसका उपस्थित श्रोताओं के द्वारा भरपूर रसपान किया गया इस अवसर पर संगठन के द्वारा 51विप्र बंधुओं एवं 50 से अधिक प्रधान पूर्व प्रधान एवं गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलिया के सांसद सनातन पाण्डेय ने उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा की होली समरसता एवं प्रेम का त्यौहार है जो आपसी सद्भाव को बढ़ावा देता है कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगठन के प्रदेश महासचिव राजेश मिश्र ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं संगठन के कार्यों से लोगों को परिचित कराते हुए आपसी सद्भाव बढ़ाने की अपील की होली मिलन समारोह में पूर्व विधायक भगवान पाठक पूर्व चैयरमैन केसरी नंदन त्रिपाठी भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष परमेश्वर गिरी दया शंकर तिवारी, बी एस एस प्रदेश सचिव ओमप्रकाश पाण्डेय विष्णु मिश्र जिला प्रभारी, संरक्षक अरुण ओझा धनंजय पाण्डेय, राजू दुबे प्रिंस पांडेय सरोज दुबे मनीष दुबे सत्येंद्र पांडे अखिलेश मिश्रा श्री बृजमोहन मिश्रा अमरनाथ मिश्र प्रेम नारायण पांडे राजेंद्र प्रसाद पांडेअभिषेक पांडे प्रकाश चौबे बंटी पांडे सहित ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के तमाम पदाधिकारी एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे आए हुए सभी अतिथियों का कार्यक्रम के आयोजक इंजीनियर तारकेश्वर पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया जबकि अध्यक्षता संगठन की जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन प्रदेश महासचिव राजेश मिश्र के द्वारा किया गया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमीनी विवादों की रही भरमार, कटान व अवैध खनन की शिकायतें भी पहुंचीं

बैरिया,बलिया,07मार्च,(देवव्रत संवाद)। तहसील बैरिया में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जमीनी विवादों के मामले सबसे अधिक सामने आए। इस अवसर पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह तथा पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समयावधि में समाधान करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने विशेष रूप से महिला अपराध से संबंधित मामलों की जांच प्राथमिकता के आधार पर करने को कहा। इस दौरान राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश शिकायतें जमीन और रास्ते के विवाद से जुड़ी रहीं। इसके अलावा बाढ़ और कटान से प्रभावित ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। ग्राम गोपालनगर व वशिष्ठनगर के ग्रामीणों ने घाघरा नदी के लगातार हो रहे कटान से सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन और कई मकानों के नदी में विलीन होने की बात कही। ग्रामीणों ने कटान रोकने के लिए प्रभावी कार्य कराने तथा तिलापुर से चांद दियर रेलवे लाइन तक रिंग बांध निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजने की मांग की।इसी दौरान सुरेमनपुर निवासी हरी चौरसिया ने भी शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया कि क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्रॉली से अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है, जिससे उनकी बोई हुई फसल बर्बाद हो गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकों के मामलों के निस्तारण को लेकर जिला जज ने की बैठक

मऊ, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण सम्बन्धी वादों का निस्तारण को लेकर जिला जज संजय कुमार यादव की अध्यक्षता में शनिवार को दीवानी न्यायालय के सभागार में बैठक हुई। इसमें जिला जज ने विभिन्न बैंकों के अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में बैंक ऋण सम्बन्धी वादों को चिन्हित कर नोटिस भेजने का निर्देश दिया। ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा सके।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव साक्षी सिंह ने विज्ञप्ति के माध्यम से आमजन से अपील किया कि 11 मार्च से 13 मार्च तक लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने लम्बित वादों का निस्तारण कराकर इस अवसर का लाभ उठावे।

## आरएसएस गुरुकुल संस्कार बाल वाटिका का भव्य शुभारंभ, प्ले-वे स्कूल की शुरूआत

बलिया,07मार्च,(देवव्रत संवाद)। सत्र से आरएसएस गुरुकुल अकादमी बंशी बाजार के अंतर्गत आरएसएस गुरुकुल संस्कार बाल वाटिकाह्न शुरू हो रही है। प्रबंध निदेशक जय प्रताप सिंह (गुड्डू सिंह) के अनुसार नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास—कला-रचनात्मकता, शारीरिक शिक्षा, सामाजिक-नैतिक संस्कार, भाषा-अंक ज्ञान व सुरक्षा—पर आधारित उच्च गुणवत्ता की शिक्षा व अंतर-प्रांतीय शिक्षक उपलब्ध कराए जाएँगे। विद्यालय ने अभिभावकों से शीघ्र नामांकन का आग्रह किया है।

## सोना गुप्ता का INSPIRE-MANAK पुरस्कार में चयन, 10,000 की प्रोत्साहन राशि मिली

सिकन्दरपुर,बलिया,07मार्च,(देवव्रत संवाद)। गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज की कक्षा-9 की छात्रा सोना गुप्ता (पुत्री राजकुमार गुप्ता, डोमनपुरा) ने 28 फरवरी 2026 को विज्ञान प्रदर्शनी में टॉप-5 प्रोजेक्ट में स्थान पाकर INSPIRE-MANAK अवार्ड हासिल किया। निर्णायकों ने उसके नवाचारी विज्ञान प्रोजेक्ट की सराहना की। सरकार की ओर से ?10,000 उसके बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में भेजे गए(

दैनिक www.dainikdevvrat.in
# देवव्रत
हिन्दी दैनिक, आजमगढ़
रविवार, 08 मार्च, 2026






# SIR प्रक्रिया में भाजपा सत्ता के बल पर बेईमानी करने की कर रही है कोशिश

## सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने मासिक बैठक में लगाया आरोप

**आजमगढ़, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय, आजमगढ़ पर जिलाध्यक्ष हवलदार यादव की अध्यक्षता में पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि एस.आई.आर. प्रक्रिया में भाजपा सरकार सत्ता के बल पर बेईमानी करने की कोशिश कर रही है, लेकिन पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरी मुस्तैदी के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि अभी भी 27 मार्च 2026 तक चलने वाली प्रक्रिया के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी लगन के साथ कार्य करें।



उन्होंने बताया कि गरीबों, मजलूमों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष करने वाले महान नेता मान्यवर कांशीराम साहब की 92वीं जयंती समाजवादी पार्टी द्वारा नेहरू हाल, आजमगढ़ में भव्य रूप से मनाई जाएगी, जिसमें पूरे जनपद से पीडीए के लोग भाग लेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक एवं पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, महंगाई, महंगी शिक्षा, दवाइयों की कीमत और किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में संगठित भ्रष्टाचार हो रहा है और एक वर्ग विशेष का वर्चस्व बढ़ने से पिछड़ों व दलितों पर दमन और उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव–गांव जाकर इन मुद्दों को जनता के बीच रखने की अपील की। विधायक डॉ. संग्राम यादव, बेचई सरोज, अखिलेश यादव और पूजा सरोज ने कहा कि देश और दुनिया की मौजूदा परिस्थितियों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई तरह की राजनीतिक गतिविधियां हो रही हैं, जिनसे जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन–जन तक पहुंचाएं। बैठक में पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री डॉ. राम दुलार राजभर, राकेश कुमार यादव, वर्मन यादव, करूणा कांत मौर्य, अजीत कुमार राव, हरिश्चंद्र यादव, अब्दुल्ला, अशोक यादव भोला, डॉ. धनराज यादव, जी.एस. प्रियदर्शी, वाले चंद कुशवाहा, जगदीश यादव, सोमनाथ यादव, वसीमुद्दीन शेख, राज नारायण यादव, राम आसरे चौहान, दुर्गेश यादव, विवेक सिंह, विनीत राय, दीपचंद विशारद, विनोद यादव, संतोष कुमार गौतम, सुशील आनंद, टिपलूर रहमान सहित समाजवादी पार्टी के अनेक नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनपद में तैनात रहे जेडी शेषनाथ पांडेय ने बर्खास्त शिक्षिका का जारी कर दिया था वेतन, जांच में हुई पुष्टि

**आजमगढ़, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** प्रदेश सरकार ने गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं में आरोप सिद्ध होने पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक शेषनाथ पांडेय को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आजमगढ़ जिले की भी एक शिक्षिका को प्रबंधक ने बर्खास्त कर दिया था। हाईकोर्ट से भी उसे राहत नहीं मिली थी। लेकिन, तत्कालीन रजिस्ट्रार शेषनाथ पांडेय ने उसके वेतन और पेंशन का भुगतान कर दिया था। शासन की जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। मुबारकपुर की रहने वाली शगुफ्ता बानो की नियुक्ति 1982 में मदरसा बाबुल इल्म में हुई थी। वर्ष 1999–2000 में मुबारकपुर में शिया और सुन्नी का दंगा हुआ था। शगुफ्ता बानो ने खुद को धमकी मिलने का हवाला देते हुए विभाग से खुद को मदरसा बाबुल इल्म से अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की थी। तब निदेशालय ने उन्हें जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से संबद्ध कर दिया था। इसी बीच मदरसे के प्रबंधक ने वर्ष 2002 में इन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया। प्रबंधक के बर्खास्त करने के बाद शगुफ्ता बानो हाईकोर्ट चली गई। हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी पर स्टे दे दिया। लेकिन, मदरसे के प्रबंधक ने उन्हें ज्वाइन नहीं कराया। चार फरवरी 2020 को मेरिट के आधार पर हाईकोर्ट ने शगुफ्ता की याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट में विशेष अपील दायर की गई थी, इसे हाईकोर्ट ने 16 जून 2020 को खारिज कर दिया था। इसके बाद भी इन्हें स्टे के आधार पर वेतन मिलता रहा।

# जिला पंचायत की बैठक में वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित व 2026-27 के मूल बजट को मिली मंजूरी



**आजमगढ़, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जिला पंचायत सभागार में शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव की अनुमति से बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के सभी सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, विधायकगण तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से उनके विभागों, जैसे विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों में संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। सदन में विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। विस्तृत चर्चा के बाद जिला पंचायत आजमगढ़ का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025–26 के लिए आय 9987.72 लाख रुपये तथा व्यय 6919.30 लाख रुपये को सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2026–27 के मूल बजट में आय 10517.29 लाख रुपये और व्यय 10279.75 लाख रुपये के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा पंचम राज्य वित्त आयोग तथा पंद्रहवें वित्त आयोग की योजना वर्ष 2026–27 की कार्ययोजना को भी सदन द्वारा स्वीकृति दी गई। जिला पंचायत आजमगढ़ की संपत्ति एवं विभवकर सूची वर्ष 2025–26 का भी सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के वार्षिक श्रम बजट को भी सदन द्वारा मंजूरी दी गई। बैठक के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्ति की घोषणा की गई।

# खेत से चोरी हुआ किर्लोस्कर पम्पसेट बरामद, पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपी

**बरदह, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जिले के बरदह थाना क्षेत्र में खेत से चोरी हुए किर्लोस्कर पम्पसेट के मामले का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया पम्पसेट बरामद कर लिया है। वहीं एक आरोपी के पास से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार थाना बरदह क्षेत्र के ग्राम भीरा निवासी मजनू सरोज ने 6 मार्च 2026 को थाने में तहरीर देकर बताया था कि 5 मार्च की रात अज्ञात व्यक्ति उनके खेत में लगा 5 हार्स पावर का किर्लोस्कर इंजन (पम्पसेट) चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।



जांच के दौरान शनिवार को उपनिरीक्षक रितेश खरवार अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर त्रिवेणी मोड़ पर पहुंच गए। यहां पुलिस ने ग्राम भीरा निवासी पवन पुत्र नरसू सरोज और किशन सरोज पुत्र राजाराम को सुबह करीब 4रू10 बजे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पवन के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने 5 मार्च की रात खेत से पम्पसेट चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद उनकी निशानदेही पर चोरी गया किर्लोस्कर पम्पिंग सेट बरामद कर लिया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। वहीं पवन के खिलाफ अवैध तमंचा बरामद होने पर आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया है।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं

## तहसील बूढ़नपुर में एसएसपी व सीडीओ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**बूढ़नपुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** तहसील बूढ़नपुर के सभागार में शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना ने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान शासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनका शीघ्र एवं शत–प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसलिए अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर ही समस्याओं का वास्तविक समाधान करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर दोनों पक्षों से वार्ता कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे।

जनसुनवाई के दौरान कुल 87 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित 41, पुलिस विभाग से 24, विकास विभाग से 8 तथा अन्य विभागों से 14 मामले शामिल रहे। इनमें से 3 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर, तहसीलदार बूढ़नपुर, परियोजना निदेशक सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अराजक तत्वों के खिलाफ मस्जिद के इमाम ने थाने में दी तहरीर

## होली के दिन मस्जिद पर रंग फेंकने मामला

**फूलपुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** माहुल नगर पंचायत के मुख्य चौक स्थित मस्जिद पर होली के दिन रंग और गंदा कपड़ा फेंके जाने और खुफिया कैमरे को ढकने की कोशिश करने का मामला तूल पकड़ रहा।इस मामले में मस्जिद के इमाम ने 15 अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ माहुल पुलिस चौकी पर शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है। नगर पंचायत माहुल के वार्ड न चार नेहरू नगर निवासी मस्जिद के इमाम मुफ्ती कमालुद्दीन ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि माहुल के मुख्य चौक पर लोग होली खेल रहे थे। दोपहर 12 बजे के बाद दंगा भड़काने की नियत से 10 से 15 अराजक तत्वों द्वारा मस्जिद के गेट के अंदर और बाहर जबरदस्ती रंग और मस्जिद के ऊपर गंदा कपड़ा फेंका गया।यही नहीं अराजक तत्वों द्वारा मस्जिद के साथ ही साथ एक विशेष वर्ग की दुकानों के शटर और उनपर लगे बोर्ड को रंगों से सराबोर कर दिया गया।शिकायती पत्र में इमाम ने यह भी कहा कि नगर पंचायत प्रशासन लगाए गए खुफिया कैमरों को अराजक तत्वों द्वारा ढकने के बाद यह कृत्य किया गया। इमाम द्वारा घटना के संबंध में पुलिस को शिकायती पत्र देने के साथ ही साथ साक्ष्य के लिए वीडियो फुटेज उपलब्ध कराते हुए अराजक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया है। इस संबंध में चौकी प्रभारी माहुल यश सिंह पटेल का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है जांचो परांत विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 190 जोड़ों का हुआ विवाह

**फूलपुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विकासखंड मार्टिनगंज के परिसर में शनिवार को सुबह 10 बजे से ही नव अविवाहित वर कन्याओं के साथ उनके परिवारजनों का आना–जाना शुरू हो गया था करीब 12बजे विवाह का कार्यक्रम शुरू हुआ विवाह का शुभारंभ पंडित हरिओम मिश्र के वैदिकमंत्रोच्चार के साथ विकास खंड मार्टिनगंज से 41, विकासखंड फूलपुर से 39, पवई विकासखंड से 37, ठेकमा, विकासखंड से 28, अहिरौला विकासखंड से 25, नगर पंचायत मार्टिनगंज से 20, कुल 190 नव विवाहित जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ विवाह संपन्न होने के बाद आए हुए लोगों के लिए जलपान और भोजन की व्यवस्था विकास खंड मार्टिनगंज के परिसर में की गई थी समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी द्वारा 190 नवविवाहित जोड़ों को गृहस्ती के सामान देकर के उनकी विदाई की आशीर्वाद के



लिए मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद नीलम सोनकर, पूर्व मंत्री कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ,जिला अध्यक्ष भाजपा लालगंज विनोद राजभर, प्रमुख व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ सिंह बीनू, समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, खंड विकास अधिकारी मार्टिनगंज इदरीस अली, विकास राय, भानु प्रताप सिंह, बजरंग बहादुर सिंह , ओमेंद्र मोहन सिंह, राजकरण कैथल, मोहम्मद सालिम, प्रवेश यादव चंदन राजभर, जय राजभर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शिक्षकों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**आजमगढ़, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के हरैया शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत आराजी अजगरा मगरबी स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की लापरवाही का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों ने विद्यालय में तैनात शिक्षकों के समय से स्कूल न पहुंचने को लेकर कई बार शिकायत की है। ग्रामीणों की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए मीडिया टीम शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे विद्यालय पहुंचकर स्थिति की पड़ताल की। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में तैनात शिक्षक समय से स्कूल नहीं पहुंचते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग से मामले की गंभीरता से जांच कर जिम्मेदार शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत की गई है।

# 2025 से घर से गायब हुए किशोर को तलाश रही है तहबरपुर पुलिस

**तहबरपुर, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** तहबरपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव से एक नाबालिग किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर गांव निवासी सीमा देवी पत्नी विनोद कुमार ने थाना तहबरपुर में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका पुत्र अंकित कुमार 16 अगस्त 2025 को घर से अचानक कहीं चला गया और उसके बाद से वापस नहीं लौटा। घटना के समय अंकित नाबालिग था। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों के अनुसार अंकित के पिता विनोद कुमार मुंबई में रहते हैं। पढ़ाई को लेकर फोन पर बातचीत के दौरान पिता ने उसे डांट–फटकार लगा दी थी, जिससे नाराज होकर वह घर से निकल गया। इसके बाद से उसका मोबाइल फोन भी बंद



आ रहा है। परिवार के लोगों ने आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। अंततः मां सीमा देवी ने पुलिस से बेटे की तलाश कर उसे सकुशल घर वापस लाने की गुहार लगाई। इस संबंध में 17 अगस्त 2025 को ही थाना तहबरपुर में एफआईआर दर्ज कर ली गई थी और पुलिस मामले की जांच करते हुए लापता किशोर की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किशोर की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पीएम जन औषधि परियोजना का मनाया गया आठवां स्थापना दिवस

**सगड़ी, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के रौनापार थाने के मुख्य गेट के सामने स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र (सरकारी मेडिकल स्टोर) पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का आठवां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे और मिष्ठान वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र रौनापार की सराहना करते हुए कहा कि जब से यह मेडिकल स्टोर खुला है, तब से क्षेत्र के मरीजों को काफी सहूलियत मिली है। यहां दवाइयां बाजार के मुकाबले काफी सस्ती मिलती हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को विशेष लाभ हो रहा है। लोगों ने बताया कि यहां 50 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक की छूट पर दवाइयां उपलब्ध हैं, जिससे पहले जो दवाइयां महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती थीं, वही अब कम कीमत पर आसानी से मिल जाती हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र रौनापार के संचालक अर्चित यादव ने बताया कि केंद्र खुलने के बाद से क्षेत्र के मरीजों को काफी राहत मिली है।



उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि जो लोग बाजार से महंगी दवाइयां खरीदते हैं, वे एक बार जन औषधि केंद्र पर अवश्य आएं। यहां शुगर, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग सहित अन्य बीमारियों से संबंधित दवाइयां 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य आम लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई गण मान्य लोग व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को कराया 20 हजार रूपये वापस

**सिधारी, 07 मार्च (देवव्रत संवाद)।** सिधारी पुलिस की तत्परता से साइबर ठगी के शिकार एक युवक के खाते में 20 हजार रुपये की धनराशि वापस कराई गई। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित को राहत मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोजापुर चकडीह, थाना सिधारी निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र शिवचन्द राम ने ऑनलाइन वीजा के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान एक अज्ञात मोबाइल नंबर से उन्हें कॉल प्राप्त हुई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को वीजा उपलब्ध कराने वाला बताते हुए 1 से 2 माह के भीतर कनाडा का वीजा दिलाने का भरोसा दिया। कॉलर के झांसे में आकर देवेन्द्र कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से 20,000 रुपये भेज दिए। बाद में उन्हें अहसास हुआ कि उनके साथ साइबर ठगी हो गई है। इसके बाद उन्होंने तत्काल साइबर शिकायत दर्ज कराई, जो थाना सिधारी पर प्राप्त हुई। शिकायत मिलने के बाद थाना सिधारी की साइबर टीम ने साइबर सेल से तकनीकी सहयोग लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की। पुलिस के प्रयासों के परिणामस्वरूप पीड़ित के खाते में 20,000 रुपये की धनराशि नियमानुसार वापस करा दी गई। पुलिस ने पीड़ित को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी अज्ञात कॉलर को अपनी निजी जानकारी, बैंक विवरण या ओटीपी साझा न करें। यदि किसी प्रकार की साइबर ठगी होती है तो इसकी शिकायत तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर दर्ज कराएं अथवा नजदीकी पुलिस स्टेशन में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक विधनेश वर्मा, उपनिरीक्षक नीतीश सिंह, कांस्टेबल महेश कुमार, कांस्टेबल पवन गुप्ता और महिला आरक्षी रीना यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन-मऊ

पत्रांक 2938 / न.पा.प.मऊ — दिनांक 06.03.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-63**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या–37 के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, मऊनाथ भंजन–मऊ के अन्तर्गत निर्माण कार्यों हेतु समस्त पंजीकृत / नवीनीकृत एवं स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरुप श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से प्रतिशत दर के आधार पर टू बिड सिस्टम से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जायेगी, निविदा की समस्त जानकारी एवं शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in नगर पालिका की www.nppmau.com तथा जनपद की वेबसाइट www.mau.nic.in पर देखी जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in)**

| क्र. सं. | नगर पालिका परिषद | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 09.03.2026 09.00 AM | |
| 2 | | Tender Download | 09.03.2026 09.00 AM | 07.04.2026 01.00 PM |
| 3 | | Bid submission | 09.03.2026 09.00 AM | |
| 4 | Tender Opening | | 07.04.2026 02.00 PM | |
| 5 | Finacial Bid Opening | | After Approvai of Technical Bid | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, मऊ**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, मऊ**